

दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 63 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 27 मार्च, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

### न्यूज इनबॉक्स

## गहलोत ने लौटाया ग्रेटर बेंगलुरु गवर्नेंस विधेयक, मांगा स्पष्टीकरण

जयपुर टाइम्स

बंगलूरू(एजेंसी)। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य विधानमंडल से पारित ग्रेटर बेंगलुरु गवर्नेंस विधेयक को कुछ स्पष्टीकरण की मांग के साथ सरकार को लौटा दिया है। कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने बुधवार को इस बारे में जानकारी दी। बता दें कि यह विधेयक ग्रेटर बेंगलुरु क्षेत्र को 7 नगर निगमों में विभाजित करके बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) का पुनर्गठन करने का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत ग्रेटर बेंगलुरु प्राधिकरण (जीबीए) का गठन भी किया जाएगा, जिसका काम समन्वय और पर्यवेक्षण करना होगा। जीबीए में महापौर और उप महापौर के पदों के लिए 30 महीने का कार्यकाल तय किया गया है। कर्नाटक विधानसभा



में पारित बेंगलुरु गवर्नेंस विधेयक के प्रस्ताव के अनुसार, जीबीए का नेतृत्व मुख्यमंत्री करेंगे, जो इसके अध्यक्ष होंगे, और बेंगलुरु के विकास के प्रभारी मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। इस बात पर राज्यपाल ने विधेयक में उठाए गए कुछ सवालों और चिंताओं के कारण उसे वापस भेज दिया। इसको लेकर पाटिल ने कहा कि राज्यपाल ने कुछ स्पष्टीकरण की मांग करते हुए विधेयक को लौटा दिया है, और इसे अब स्पष्टीकरण के साथ फिर से राज्यपाल के पास भेजा जाएगा।

## विदेश मंत्रालय ने खारिज की अमेरिकी पैनल की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(**एजेंसी** )। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य आयोग (यूएससीआईआरएफ) द्वारा जारी 2025 की वार्षिक रिपोर्ट को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने अमेरिकी पैनल को लेकर कहा कि यूएससीआईआरएफ को एक चिंता का विषय के तौर पर घोषित किया जाना चाहिए। ये रिपोर्ट एक बार फिर से पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित है। साथ ही मंत्रालय ने कहा कि यह भारत के बहुसांस्कृतिक समाज पर गलत आरोप लगाती है।

बता दें कि अमेरिकी पैनल के इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में धर्म के नाम पर भेदभाव बढ़ गए है। साथ भारत की खुफिया एजेंसी रॉ (RAW) के बारे में यह आरोप लगाया गया था कि वह कुछ हत्याओं की साजिशों में कथित रूप से शामिल थी। इस रिपोर्ट में यह भी सिफारिश की गई थी कि रॉ की गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। रिपोर्ट जारी होने के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले में कहा हमने हाल ही में जारी की गई यूएससीआईआरएफ की 2025 वार्षिक रिपोर्ट देखी है, जिसमें यह एक बार फिर अपनी पिछली रिपोर्टों की तरह पक्षपाती आकलन जारी कर रहा है।

## इस बार देश में पड़ेगी प्रचंड गर्मी, बरपाएगी कहर

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। मौसम विज्ञान विभाग ने गर्मी को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है। बताया गया है कि इस साल उत्तर पश्चिम भारत में गर्मी ज्यादा कहर बरपाएगी। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस बार उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से लगभग दोगुनी लू के दिन रहने की भविष्यवाणी की है। आमतौर पर इस क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पांच से छह दिन लू चलती है, लेकिन इस साल यह संख्या 10 से 12 दिन तक पहुंच सकती है।

### सामान्य से ज्यादा गर्मी रहेगी-

आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया कि यह केवल एक मौसमी पूर्वानुमान है, इसका मतलब यह नहीं है कि पूरे सीजन के दौरान हर दिन अधिक गर्मी होगी।







### रामजी लाल कटेवा मूर्ति अनावरण सभा में डिप्टी सीएम ने की घोषणा

# सैनिक कल्याण और सुरक्षा के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्यः दिया कुमारी

### शहीद कटेवा के नाम से बनेगी तुर्किनी जोहड़ से कैमरी की ढाणी तक 5 किलोमीटर सड़क

जयपुर टाइम्स

झुंझुनूं(निस)। प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ तहसील के खिरोड़ में शहीद हवलदार रामजीलाल कटेवा की मूर्ति के अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। उन्होंने शहीद कटेवा की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मुर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शहीदों के बलिदान को अमूल्य बताया। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी को याद करते हुए कहा कि वाजपेयी ने शहीदों की पार्थिव देह को शहीदों के घर तक पहुंचाने का कार्य शुरु किया था। दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैनिक कल्याण के क्षेत्र में 'वन रैंक, वन पेंशन' शुरु करने के लिए आभार जताते हुए विगत 11 वर्षो में देश में सैनिक कल्याण और सुरक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में हुए कार्यो की भी जानकारी आमजन को दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंगलवार को बाड़मेर में आयोजित सभा में 30 हजार से अधिक संख्या में महिलाएं आई, जो बड़ी बात है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने क्षेत्र के शहीदों की वीरांगनाओं का भी सम्मान किया। सभा में नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने नौजवानों को देश के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के लिए और जनसभा में आने के लिए दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। सभा को खंडेला विधायक सुभाष मील ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच पर शहीद कटेवा की वीरांगना प्रभाती देवी, पूर्व विधायक रतन जलधारी, सरपंच महावीर सिंह भांबू, पंचायत समिति सदस्या जानकी देवी मौजूद रही। मंच संचालन एडीईओ उम्मेद सिंह महला और विजय हिंद जालिमपुरा ने किया। इससे पहले उपमुख्यमंत्री का नांगल समेत उदयपुरवाटी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आमजन और कार्यकर्ताओं ने महेंद्र चंदवा के नेतृत्व में स्वागत किया।

### 'जिन्होंने देश के लिए इतना कुछ दिया, उसके आगे सड़क क्या है

उपमुख्यमंत्री ने नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल और शहीद के परिजनों की मांग को स्वीकार करते हुए तुर्किनी जोहड़ से कैमरी की ढाणी तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण शहीद कटेवा के नाम से करने की घोषणा की। उन्होंने घोषणा के बाद कहा कि शहीद कटेवा ने जो देश के लिए योगदान दिया है, जो बलिदान दिया है, उसके आगे यह सड़क क्या है?

### नवलगढ़ में करवाए गए विकास कार्य भी बताए

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि लोहार्गल के बरखंडी में रोप वे का कार्य शुरु हो रहा है। वहीं नवलगढ में ट्रोमा सेंटर, जिला अस्पताल, 90 करोड़ से अधिक की सड़कों की सौगात दी गई है।



## रक्षा मंत्रालय ने किए 6,900 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर

### भारतीय सेना की ताकत में होगा इजाफा

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के साथ दो महत्वपूर्ण अनुबंध किए हैं। इन अनुबंधों के तहत, एडवांस टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) और हाई मोबिलिटी गन टोइंग व्हीकल्स की खरीद की जाएगी, जिनकी कुल लागत लगभग 6,900 करोड़ रुपए है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि इन सौदों के साथ, चालू वित्त वर्ष में अब तक पूंजीगत खरीद के लिए मंत्रालय द्वारा 1.40 लाख करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे भारतीय सेना की हथियारों और उपकरणों की क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। मामले में रक्षा मंत्रालय ने आगे बताया कि 155 मिमी/52 कैलिबर एटीएजीएस तोप पुराने और छोटे कैलिबर की तोपों की जगह लेगी। इससे भारतीय सेना की तोपखाने की क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

इस गन सिस्टम की खरीद तोपखाने रेजिमेंट के आधुनिकीकरण में एक अहम कदम है, जो सेना की परिचालन तत्परता को बेहतर बनाएगी। इसके साथ ही रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एटीएजीएस अपनी असाधारण मारक क्षमता के लिए प्रसिद्ध है, और यह सटीक और लंबी दूरी के हमलों को सक्षम करके सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस तोप प्रणाली से भारतीय सेना की स्ट्राइक क्षमता में वृद्धि होगी, जो युद्ध में उसे एक बड़ी ताकत प्रदान करेगा। साथ ही इन नई प्रणालियों से भारतीय सेना के तोपखाने को और अधिक सक्षम, तेज और प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे देश की सुरक्षा और ताकत में और अधिक इजाफा होगा।

### भजनलाल का जादूगर पर तंज

## धरातल पर काम करने से बदल रहा है राजस्थान, गहलोत साहब!

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को बीकानेर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन व कृषि उत्पादक संगठन मेले में शिरकत की। संबोधन के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी जमकर निशाना साधा। स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएम भजनलाल ने कहा कि हमारे पूर्व मुख्यमंत्री ट्विटर पर खूब सक्रिय हैं। लेकिन, विधानसभा में एक दिन भी नहीं



आए। सुर्खियों में बने रहने के लिए वे दिनभर ट्विटर पर ट्वीट करते रहते हैं। लेकिन, ट्विटर से जनता का दुख-दर्द कम नहीं होता। सीएम शर्मा ने कहा कि गहलोत को पहले अपने पांच साल के कार्यकाल का रिकॉर्ड देख लेना चाहिए। राजस्थान की जनता के लिए आपने क्या किया? सिर्फ ट्वीट करने से काम नहीं चलता, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और हल करना होता है। भाषण के दौरान सीएम शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि हमारे पास आलू से सोना बनाने की मशीन नहीं है। लेकिन, हम किसान को इतना सशक्त बना देंगे कि वह अपनी जमीन से सोना उगाने लगेंगे।



## अब पश्चिम बंगाल में भी खिलेगा कमल : शाह

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को बयान दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी कमल खिल गया है। दिल्ली बच गई थी, लेकिन अब आयुष्मान भारत दिल्ली में भी आ चुका है। अपने बयान में उन्होंने पश्चिम बंगाल को लेकर इशारा करते हुए कहा कि अब केवल पश्चिम बंगाल बचा है, और चुनाव के बाद वहां भी कमल खिलेगा और आयुष्मान भारत पश्चिम बंगाल में भी आएगा। दिल्ली और पश्चिम बंगाल पर बोलने के बाद अमिक शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पर अपना बयान दिया। उन्होंने लोकसभा में इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि सहकारिता का क्षेत्र देश के हर परिवार को जोड़ता है। उन्होंने बताया कि हर गांव में कोई न कोई सहकारी संस्था होती है, जो कृषि, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार से जुड़ी होती है और देश की प्रगति में योगदान करती है। अमित शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक की खासियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, स्वरोजगार और लघु उद्यमिता का विकास होगा। साथ ही सामाजिक समावेश बढ़ेगा और नवाचार और अनुसंधान के नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय का नामकरण इस आधार पर किया गया है क्योंकि यह सहकारिता के एक ऐसे मॉडल पर आधारित है, जिसने पूरी दुनिया को चकित किया। उनका कहना था कि यह नाम एक ऐसे व्यक्ति के सिद्धांतों पर आधारित है, जिन्होंने गांधी जी के सिद्धांतों को अपनाया और ईमानदारी से सहकारिता के सिद्धांतों को जीवन में उतारा।

## राजस्थान दिवस पर अल्बर्ट हॉल में सांस्कृतिक संध्या, राज्यपाल और मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री रहेंगे उपस्थित



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 30 मार्च को अल्बर्ट हॉल पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी उपस्थित रहेंगे। इस संध्या में प्रसिद्ध गायक रविंद्र उपाध्याय, आकांक्षा शर्मा, पीयूष पंवार, मधु भाट और करणवीर बोहरा की प्रस्तुतियां होंगी।

आयोजन को लेकर बुधवार को पर्यटन शासन सचिव रवि जैन ने बैठक कर संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने जयपुर शहर को भव्य लाइटिंग से सजाने, मुख्य चौराहों व इमारतों को रोशन करने और स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोत्तम बनाने के निर्देश दिए।आमजन के लिए बैठने, पेयजल, चिकित्सा और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, 26-30 मार्च तक जयपुर में कई आयोजन होंगे, जिनमें देखो अपना शहर यात्रा, मानस रामलीला, तुलसीदास नाटक, ट्रेकिंग, ट्रेजर हंट और कार रैली शामिल हैं। जवाहर कला केंद्र में प्रतिदिन शिल्प, भोजन और कला उत्सव भी आयोजित किया जाएगा।

## तेज रफ़्तार का कहर, हादसे में तीन की मौत

जयपुर टाइम्स

जोधपुर(निस)। फलोदी में शेरगढ़ के चाबा गांव के पास मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही स्विफ्ट कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार सवार पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक मासूम सहित दो लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रात करीब 10 बजे हुए इस हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देने के साथ ही बचाव कार्य शुरू किया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। घायलों को कार से बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शेरगढ़ पुलिस के मुताबिक बीकानेर और हनुमानगढ़ के कुछ लोग जैसलमेर से जोधपुर जा रहे थे। चाबा गांव के पास पेट्रोल पंप के नजदीक उनकी स्विफ्ट कार को तेज रफ्तार डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में



हनुमानगढ़ के करणपुरा निवासी सरकारी विभाग में कार्यरत क्लर्क अजय कुमार, बीकानेर के बरजासर निवासी गणेश राम चौधरी और उनकी पत्नी ममता चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई।



## खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है तेरी जय जय कार बाबा तेरी जय जयकार है

जयपुर टाइम्स

राजगढ़(निसं.)। कस्बे के रेलवे स्टेशन मार्ग पर श्री गोवर्धन श्याम मित्र मंडल राजगढ़ की ओर से श्याम प्रभु के संकीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान बाबा श्याम का मनमोहक अलौकिक श्रृंगार किया गया। श्री गोवर्धन श्याम मित्र मंडल की विमला देवी ने बताया कि संकीर्तन का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। सर्वप्रथम बांदीकुई के पंकज आचार्य ने गणेश वंदना के साथ संकीर्तन का शुभारंभ किया। संकीर्तन में बांदीकुई के भजन प्रवाहक कमलेश तिवारी ने हनुमानजी जी महाराज, खाटूश्यामजी के भजन हारे का सहारा है मेरा श्याम धनी, खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है, तु खाटू बुलाता रहे में आता रहूं सहित अनेक एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को ताली बजाने व नाचने पर मजबूर कर दिया। जागरण के बीच-बीच में सजीव झांकी दिखाई गई। जिनको देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। संकीर्तन में जयपुर की भजन प्रवाहिका मीनू जायसवाल ने खाटू वाले श्याम सच्चा दरबार है, थाली भरकर लाई रे खिचड़ो व दौसा के भजन प्रवाहक प्रेम तंवर ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को खुब नचाया। संकीर्तन में पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा आकर्षण का केंद्र रही। संकीर्तन का समापन बाबा श्याम जी की आरती के साथ हुआ। आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंकज सैनी, मुकेश सैनी, महेंद्र,विजय कुमार, हरिप्रसाद,चिरमोल सैनी, मुकुल बड़ाया, राजकुमार गुप्ता, राकेश सैनी ,खेम चंद सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**गोवर्धन मित्र मंडल द्वारा श्याम बाबा का संकीर्तन का आयोजन**

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर के डॉ कौशल किशोर मीणा वरिष्ठ मेडिकल ज्यूरिस्ट सामान्य चिकित्सालय



अलवर को सचिव बनने पर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जिला शाखा अलवर के जिलाध्यक्ष सियाराम मीणा के नेतृत्व में सामान्य चिकित्सालय अलवर के वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग अधिकारियों द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी वही बधाई एवं शुभकामनाएं के लिए डॉ के के मीना द्वारा राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के लिए हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पुष्पराज शर्मा, नारायण सिंह चौधरी, मुकेश शर्मा, रमेश गुप्ता, योगेश नेहरा, राजकुमार सोनी, आदि उपस्थित रहे।

## मंत्री शर्मा ने जनसुनवाई कर परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बुधवार को अपने निवास 201, रघुमार्ग पर जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित




निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल आपूर्ति के संबंध में परेशानी का सामना नहीं करने पडे। इसके लिए आमजन के दूरभाष, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान करें।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आमजन से पेयजल आपूर्ति का फीडबैक भी लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सभी बोरिंगों को यथाशीघ्र चालू कर पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

**राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन**

# विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों एवं एफपीओ को सौंपे अनुदान राशि के चेक

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। राजस्थान स्थापना दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों के दूसरे दिन बुधवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं कार्यक्रम के दौरान बीकानेर के स्वामी केशवानन्द कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये अनुदान की स्वीकृति राशि का डीबीटी हस्तांतरण एवं किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के मेले का शुभारंभ किया।

**वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसान सम्मेलन में कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की मार्गदर्शिकाओं का विमोचन किया। साथ ही, पॉली हाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन इत्यादि हेतु 12 योजनाएं, बैल से खेती प्रोत्साहित करने हेतु योजना, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपए की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी, पशुधन स्वास्थ्य हेतु निरू शुल्क औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा निर्देश भी जारी किए।

**योजनाओं का मिला लाभः** जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा एफपीओ संगठन एवं कृषकों को योजनाओं के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए, जिनमें कृषि मंत्रालय एवं नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित कृषक उत्पादक संगठन के निर्माण व संवर्धन की केंद्रीय प्रवर्तित योजना के तहत एफपीओ नव सृजन मस्टर्ड प्रोड्यूशर कंपनी लि. बगडमेव को 10 लाख रूपये, किसान रक्षा वेजिटेबल प्रोड्यूसर कंपनी लि. मालाखेडा एवं गोविन्दगढ कॉटन प्रोड्यूसर कंपनी लि. को 5-5 लाख रूपये की राशि के चेक प्रदान किए गए। वहीं पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा प प संयंत्र हेतु कृषक जगदीश मीणा को 2 लाख 21 हजार 100 रूपये, सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत मिनी फव्वारा के लिए कृषक शिवनन्दन




को 1 लाख 21 हजार 268 रूपये व इसी योजना में ड्रिप संयंत्र के लिए कृषक रामसिंह को 84 हजार 560 रूपये, राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत पॉली हाउस निर्माण के लिए कृषक अर्चना गौतम को 17 लाख 4 हजार 528 रूपये एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत प्याज भण्डारण के लिए कृषक सुरेश कुमार यादव को 87 हजार 500 रूपये की अनुदान राशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों ने सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुदान एवं किसान हितैषी योजनाओं में प्रदान की जा रही सुविधाओं में इजाफे के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया। मंच संचालन रेणु मिश्रा एवं पूर्णिमा पंचौली ने किया।

इस अवसर पर एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम शहर बीना महावर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, डीडीएम नाबार्ड प्रदीप चौधरी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद मीणा, तहसीलदार अलवर रश्मि शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, विभागीय अधिकारी, कृषक उत्पादक संगठनों के पदाधिकारी एवं बडी संख्या में लाभार्थी किसान मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय पदाधिकारियों का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। राजस्थान अखिल भारतीय कलवार, कलाल, कलार, जायसवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव कुमार जायसवाल कटिहार बिहार, राष्ट्रीय संरक्षक पुरनचंद झिरीवाल जयपुर, राष्ट्रीय महासचिव ध्रुव चंद जायसवाल गोरखपुर उत्तर प्रदेश एवं डॉ संजय जायसवाल राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोरखपुर उत्तर प्रदेश के अलवर सर्किट हाउस पधारने पर सोमवंशी (जायसवाल) क्षत्रिय युवा संगठन, अलवर द्वारा स्वागत सम्मान किया गया इसके पश्चात युवा संगठन जिलाध्यक्ष सुनील जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव ध्रुव चंद जायसवाल ने कहा कि समाज की एकता को बनाये रखने के लिये अब युवाओं को आगे आना चाहिये। युवा ही देश व समाज का स्तम्भ है उन्हें अब समाज की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा डॉ संजय जायसवाल राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने संगठन पर विस्तार से चर्चा की, उन्होंने संगठन की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि युवाओं के संगठन में शामिल कर संगठन को मजबूत करेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव कुमार जायसवाल कटिहार ने सामाजिक समरता एवं एकता पर जौर दिया और कहां कि इसका कोई विकल्प नहीं हैं।

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे ग्राम जमालपुर**

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता स्व. कदम सिंह यादव की 13वीं पर श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगडी में हुए शामिल





**केंद्रीय मंत्री यादव के पिता स्व. कदम सिंह यादव की 13वीं पर हुआ श्रद्धांजलि सभा एंव रस्म पगड़ी का आयोजन**

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता स्व. कदम सिंह यादव बुधवार को तेहरवीं एवं पगड़ी रस्म और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पैतृक गाँव जमालपुर, गुरुग्राम में हुआ। जिसके अंतर्गत सुबह वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शांति पाठ किया गया तथा दोपहर को पगड़ी रस्म के तहत केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को गांव जमालपुर के संस्थाओं के द्वारा पगड़ी बंधवाई गई। भाजपा अलवर जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि पगड़ी रस्म में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, राजस्थान, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के राजनीतिक एवं सामाजिक प्रतिनिधियों एवं संस्थाओं के द्वारा पगडियां भेजी गयीं। इस दौरान भूपेंद्र यादव और उनके परिवारजनों के द्वारा विभिन्न संस्थाओं को पिता की स्मृति में भेंट दी गयी। जिसमें 21 लाख रुपए वैदिक कन्या गुरुकुल, रुड़की (झज्जर) तथा 11- 11 हजार रुपये गांव जमालपुर के मंदिर, गौशाला और विद्यालय को भेंट किये गए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वन मंत्री राजस्थान सरकार संजय शर्मा, आचार्य प्रद्यु न महाराज, विजय बैंसला, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विधायक देवीसिंह शेखावत, हेमसिंह भड़ाना, बन्नाराम मीणा, बहरोड़ नप अध्यक्ष सीताराम यादव, अलवर शहर पूर्व विधायक बनवारीलाल, अलवर ग्रामीण पूर्व विधायक जयराम जाटव, मंत्री केके विश्नोई, रविंद्र लोहिया, पूर्व मंत्री और सांसद विवेक ठाकुर, सांसद गोपाल ठाकुर, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, फज़ल हुसैन, संदीप दायमा, रमेश बिधूड़ी, पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, डॉ करणसिंह यादव, डॉ जेपी यादव, ताराचंद जैन, अशोक गुप्ता, महासिंह चौधरी, महाराज विवेक प्रधान, ऋषि राज शर्मा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, देशराज खरेरा, विजय मीना, सरपंच संघ अध्यक्ष, अशोक यादव, डॉ रूपसिंह सहित अनेक राष्ट्रीय और विभिन्न राज्यों के राजनेता मौजूद रहे।

## वन मंत्री शर्मा ने करणी माता के मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**श्रृद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के दिए निर्देश**

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बुधवार को करणी माता के मेले की तैयारियों के संबंध में प्रताप बंध से करणी माता मंदिर तक की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री शर्मा ने करणी माता मेला स्थल व सड़क के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी रूप में कोई भी असुविधा नहीं होवें। उन्होंने हाल ही में निर्मित नवीन सड़क का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि सड़क पर सफेद पट्टी का कार्य मेले के प्रारंभ से पूर्व करा लेवे। सड़क के किनारे सुरक्षा साइनेज लगवाएं तथा किनारे पर बनी दीवार की मोरियों को भी साफ करावें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि मेले में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा नियमित साफ-सफाई व्यवस्था करावें। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था व ट्रेफिक नियंत्रण हेतु अतिरिक्त जाप्ता लगाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल टीम मय ए बुलेंस मौजूद रहें। उन्होंने यूआईटी के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि वन विभाग से समन्वय कर प्रताप बंध से बाला किला तक की सुरक्षा दीवार पर हटे हुए कर्व पत्थरों को पुनः लगवाएं।

**बायोडायवर्सिटी पार्क का किया निरीक्षण**

मंत्री शर्मा ने बायोडायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण कर यूआईटी के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि पार्क को और अधिक सुंदर स्वरूप प्रदान करने के लिए पुनः नवीन प्रस्ताव तैयार करें।

इसी प्रकार उन्होंने निर्देश दिये कि तितली पार्क विकसित करने व कैफेटेरिया के प्रस्ताव तैयार करें एवं मियाबाकी पद्धति से पौधारोपण करने तथा क्षतिग्रस्त हुई मचान आदि को दुरूस्त



कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि यूआईटी के द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क की सुरक्षा आदि के लिए गार्ड की व्यवस्था की जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पक्षियों के भोजन के लिए यहां फलदार पौधे लगाए जावें तथा पौधों के पास साइन बोर्ड लगाकर क्यूआर कोड लगाने का कार्य करें जिससे क्यूआर कोड स्कैन कर उस पौधे की समस्त जानकारी प्राप्त की

## राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

खैरथल तिजारा(निसं.)। राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन मेले का आयोजन जिला सचिवालय के सभागार में किया गया। इस मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण

कार्यक्रम के दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के सभागार में किया गया। राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये अनुदान की स्वीकृति राशि का डीबीटी हस्तांतरण एवं किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के मेले का शुभारंभ किया। साथ ही पॉली हाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन इत्यादि हेतु 12 योजनाएं, बैल से खेती प्रोत्साहित करने हेतु योजना, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपए की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी, पशुधन स्वास्थ्य हेतु निः शुल्क औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा निर्देश भी जारी किए।

### जिले के किसानों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के 35 किसानों को वर्मी कंपोस्ट इकाई के लिए प्रति कृषक 50 हजार, 147 कृषकों को तारबंदी योजना के लिए प्रति कृषक 40 हजार, खेत तलाई के लिए 32 किसानों को एक लाख बीस हजार, कृषि यंत्रों के लिए 49 किसानों को 18 हजार से एक लाख की राशि, जैविक गोवर्धन योजना के लिए 141 किसानों को 10 हजार प्रति कृषक की राशि का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों को किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी तिजारा संजीव वर्मा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राजेंद्र बसवाल, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक हवा सिंह जाट, कोऑपरेटिव विभाग, उद्यान विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी तादाद में किसान मौजूद रहे।

## जिलों में आकस्मिक कार्यों के लिए 1 करोड़ की स्वीकृति जारी - जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कां.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को पेयजल से संबंधित कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में आकस्मिक कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत जिला कलक्टर्स की अनुशंषा पर सम्बंधित क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अपने अधीन आने वाले जिलों में 1 करोड़ रुपये तक की सीमा में पेयजल व्यवस्था से सम्बंधित आवश्यक कार्य करा सकेंगे। जलदाय मंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले के लिए स्वीकृत धनराशि का उपयोग विभागीय नियमों और प्रावधानों का पालन करते हुए अधिकतम उपभोक्ताओं को लाभांवित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। अधिकारियों को स्वीकृत किए जाने वाले कार्यों को एक निश्चित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे गर्मी के मौसम में प्रभावित उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा सके। सभी जिलों में 1 करोड़ रुपये की सीमा में ही खर्च की अनुमति होगी, अगर किसी स्थान इस सीमा के बाहर व्यय की आकस्मिक जरूरत होगी तो सक्षम स्तर से इस बारे में विचार करते हुए निर्णय लिया जाएगा।

### अतिरिक्त वाहन एवं संविदा श्रमिकों की स्वीकृति

जलदाय मंत्री ने बताया कि गर्मी के सीजन में पेयजल आपूर्ति की मॉनिटरिंग के लिए 110 नियमित वाहन के अलावा 01 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 के लिए 100 एवं 1 अप्रेल 2025 से 30 अप्रेल 2025 तक के लिए 400 अतिरिक्त वाहनों एवं 01 मई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक 450 किराये के वाहनों के उपयोग की भी स्वीकृति जारी की गई है। स्वीकृत किये गए इन वाहनों का उपयोग हैंडपम्प मरम्मत अभियान और समर कंटीजेंसी कार्यों के साथ पेयजल परियोजनाओं तथा जलापूर्ति से सम्बंधित कार्यों की निगरानी के लिए भी किया जाएगा।

हैंडपम्प मरम्मत अभियान तथा जलापूर्ति से सम्बंधित कार्यों के लिए विभाग में 1 अप्रेल 2025 से 30 अप्रेल 2025 तक के लिए 2 हजार संविदा श्रमिक एवं 01 मई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक 2 हजार 500 संविदा श्रमिक सहित मार्च 2025 में भी 500 संविदा श्रमिकों की स्वीकृति जारी की गई है।

### 144 करोड रुपए से होंगे ग्रीष्मकालीन संवर्धन कार्य

जलदाय मंत्री ने बताया कि सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म कालीन संवर्धन कार्यों के तहत अति आवश्यक पेयजल व्यवस्था के लिए कुल 144 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी की गई है जिससे लगभग 1200 छोटे-छोटे कार्यों की स्वीकृति जारी की गई है। इस राशि के कार्यों के तहत जैसे नलकूप गहरे करना, खराब पम्पसेट, केबल, जीआई पाईप, पेनल स्टार्टर ,वाल्व आदि बदलने के कार्य कर खराब पेयजल स्रोतों को दुरूस्त किया जााएगा तथा समस्या ग्रस्त क्षेत्र में पेयजल समाधान होगा।

### पेयजल संकट वाले जिलों में चलेंगे टैंकर

प्रदेश के पेयजल संकट वाले स्थानों पर आमजन को तुरन्त राहत देने के लिए सभी जिलों में टैंकर के माध्यम से पेयजल परिवहन किया जाएगा। इसके लिए माह अप्रैल से जुलाई 2025 तक की अवधि के लिए 82.37 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी कर दी गई है।

## जाली बिलों से कर चोरी के मामलों में सीए अंकित जैन गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कां.सं.)। बिना किसी माल अथवा सेवा की सप्लाई किये केवल बिल जारी करते हुए 10.05 करोड़ रूपये की फेक आईटीसी जनरेट एवं यूटिलाइज करने के आरोप में अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), राज्य कर, प्रवर्तन शाखा–तृतीय ने मैसर्स के सी जैन एंड एसोसिएट्स के श्री अंकित जैन पुत्र कैलाश चन्द्र जैन को बुधवार को गिरफ्तार किया है। विशेष आयुक्त (प्रवर्तन) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) शिशुपाल सिंह के पर्यवेक्षण में मनीष बक्षी, संयुक्त आयुक्त, वृत-ए, प्रवर्तन शाखा-तृतीय, जयपुर के नेतृत्व में कृष्ण कुमार स्वामी, सहायक आयुक्त द्वारा अंकित जैन को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। शिशुपाल सिंह ने बताया कि अंकित जैन द्वारा अपने कुछ क्लाईन्टस की फर्मो के रिटर्नस भरने के कार्य को राजस्व हानि की मंशा से दुरूपयोग करते हुए फेक सप्लाई अर्थात बिना किसी वास्तविक माल अथवा सेवा की सप्लाई के केवल फेक इनवॉइस जारी करते हुए फेक आईटीसी जनरेट एवं यूटिलाइज कर राजस्व की सदोष हानि की है। जिसके एवज में कमीशन प्राप्त किया जाकर मिथ्या आगत कर का लाभ पहुंचाया एवं कमीशन प्राप्त किया जाकर करापवंचन किया। टीम में सहायक आयुक्त हेमन्त चंचल, राज्य कर अधिकारी हेमन्त कुमार शर्मा, संजय चौधरी, प्रदीप कुमार एवं कर सहायक दिनेश कुमार सैनी टीम में शामिल रहे।

## डमी फर्मों के माध्यम से पुरानी कारों की खरीद-बिक्री का छद्म कार बाजार बनाकर जाली बिलों से कर चोरी के आरोप में राजेश गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कां.सं.)। राजेश अग्रवाल पुत्र केशर देव अग्रवाल निवासी जयपुर को डमी फर्म खोलकर मिथ्या आगत कर का लाभ लिये जाने एवं फेक इनवॉइस के माध्यम से मिथ्या आगत कर पास ऑन करवाने के आरोप में वाणिज्य कर विभाग के वृत-सी, प्रवर्तन शाखा-तृतीय, जयपुर ने गिरफ्तार किया है। राजेश अग्रवाल ने स्वयं के नाम पर पंजीकृत फर्म ऑटो जंक्शन के अतिरिक्त परिवारजनों के नाम पर संचालित फर्मो में एक लिमिटेड कम्पनी के ऐप पर ओएलएक्स, कार देखो आदि वेबसाइट पर बिक्री हेतु डाली गयी कारों, आरटीओ एजेंटों के माध्यम से बिकी हुई कारों अथवा रास्ते में चलती हुई कारों की डिटेल विभिन्न बिजनेस लॉगिन आई.डी बनाकर अपलोड़ कर दी जाती थी जिसके एवज में कमीशन प्राप्त किया जाकर मिथ्या आगत कर का लाभ पहुंचाया एवं कमीशन प्राप्त किया जाकर करापवंचन किया। इसके अतिरिक्त उसने उसकी फर्म में कार्यरत जरूरतमंद व्यक्तियों/कार्मिकों को लोन इत्यादि दिलवाने का लालच देकर उनके आधार कार्ड एवं पैन कार्ड का दुरूपयोग कर वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत डमी फर्म बना कर मिथ्या आगत कर का लाभ पहुंचाया जाकर कमीशन प्राप्त किया। राजेश अग्रवाल इन डमी फर्मों के खातों का संचालन भी खुद ही करता था। इन डमी फर्मों के खातों में प्राप्त कमीशन की राशि को राजेश अग्रवाल स्वयं अथवा परिवारजनों के खातों में स्थानान्तरित कर देता था। अद्यतन जांच के अनुसार राजेश अग्रवाल ने परिवारजनों एवं अन्य डमी फर्मों के माध्यम से लगभग 86 करोड़ रूपये से अधिक के फेक इनवॉइस प्राप्त किये एवं 15.54 करोड़ रूपये का मिथ्या आगत कर क्लेम किया तथा बाद में लगभग 92 करोड़ से अधिक के फेक इनवॉइस के माध्यम से 16.65 करोड़ रूपये कर राशि को पास ऑन भी किया। इन मामलों में करोड़ों रूपये की राजस्व हानि उजागर होने की संभावना है।अद्यतन जांच के बाद मुख्य आयुक्त प्रकाश राजपुरोहित ने आरजीएसटी/सीजीएसटी अधिनियम–2017 की धारा 69 के अन्तर्गत स्वीकृति आदेश जारी किया। इसके बाद जयदेव सी.एस, विशेष आयुक्त (प्रवर्तन) के मार्गदर्शन एवं शिशुपाल सिंह, अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), राज्य कर, प्रवर्तन शाखा-तृतीय, जयपुर के पर्यवेक्षण में संयुक्त आयुक्त छवि कुन्तल के नेतृत्व में सहायक आयुक्त हिमांशु शर्मा द्वारा राजेश अग्रवाल को 25 मार्च को गिरफ्तार किया गया।

### राजस्थान दिवस स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन हुआ किसान सम्मेलन का आयोजन

# कृषक कल्याण से साकार हो रहा समृद्ध राजस्थान का सपना- जिला प्रमुख

**आज आयोजित होगा अन्त्योदय कल्याण समारोह**







जयपुर टाइम्स

जयपुर(कां.सं.)। विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में प्रदेश के किसानों की भूमिका बेहद अहम है। किसान देश के अन्नदाता हैं, किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। यह कहना है जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा का। श्रीमती रमा देवी ने यह बात हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह मेहता सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया, जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसानों और जनप्रतिनिधियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए देखा। बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या बढाकर 200 किए जाने तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए गए। पीएमएफएमई योजना के तीन एफपीओ को अनुदान के तथा एक एफपीओ को शेयर मनी के चौक वितरण किए गए। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त पूनम, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## सुमेरपुर में पहली बार क्रिकेट चैंपियन ट्रॉफी, 1500 खिलाड़ी लेंगे भाग

जयपुर टाइम्स

सुमेरपुर(कां.सं.)। विकास मंच एवं विनायक सेवा संस्था के तत्वावधान में क्रिकेट चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन 29 मार्च से 12 अप्रैल 2025 तक शिक्षा क्रांति रंगमंच मैदान में होगा। प्रतियोगिता में 100 टीमें और 1500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने किया पोस्टर विमोचन**

इस प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा ने किया। उन्होंने बताया कि यह सुमेरपुर में खिलाड़ी इसमें भाग ले सकें। 12-13 वर्ष के युवा खिलाड़ियों से लेकर 50-55 वर्ष के अनुभवी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में खेलेंगे।

**खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह**

आयोजक जगदीश राजपुरोहित ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और आयोजन स्थल पर लाइटिंग लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। उद्घाटन समारोह 29 मार्च को शाम 7 बजे होगा।

**सुमेरपुर की खेल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा**

इस आयोजन से स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ने



पहली बार बड़े स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हो रही है, जो स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका देगी।

**निःशुल्क प्रवेश, सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी करेंगे शिरकत**

मेवाड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में किसी भी टीम से कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जा रहा, जिससे अधिक से अधिक का अवसर मिलेगा और सुमेरपुर में खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में शैतान कुमार, जगदीश राजगुरु, जयकिशन कुम्पावत, दीपक चावरिया, कमलेश चौहान, रमेश कुमार, संतदास, महावीर, निर्मल सहित कई खेल प्रेमी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आयोजकों ने इसे रोमांचक और यादगार बनाने का आश्वासन दिया है।

## खींवसर विधायक डांगा ने केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी से मुलाकात कर की खेती किसानी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

### डांगा ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी से मुलाकात कर खेती किसानी से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स

दिल्ली/जयपुर(कां.सं.)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी से बुधवार को दिल्ली स्थित उनके निवास पर खींवसर (नागौर) विधायक रेंवतराम डांगा ने आत्मीय भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कृषि, किसान कल्याण तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

विधायक डांगा ने खींवसर क्षेत्र में कृषि से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों और किसानों की आवश्यकताओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार किसान हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ राजस्थान सहित पूरे देश के किसानों को मिल रहा है।

केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान प्रदेश के किसानों को केंद्र सरकार की योजनाओं से अधिकाधिक लाभ दिलाने को लेकर चर्चा हुई। भागीरथ चौधरी ने कहा कि वे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं और कृषि क्षेत्र के सतत विकास के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेंगे।



**Name Change**

I ARISUDIN sharaf son of Shri Devkinandan sharaf age 44 years residence of jalan Marg ward number 34 sardarshahar Churu Rajasthan. declared that my son's correct name is shivanshu sharaf and that is recorded in his all document such as Aadhar Card and all the educational certificate.but due to mistake his name his passport number X8111791 his name recorded SHIVANSU. Now I declared that in future my sons WILL be call as shivanshu sharaf.

# राष्ट्रीय किसान एवं गौपालक सम्मेलन आयोजित, भारत भूमि 'अन्नपूर्णा' है, गौ धन संरक्षण के साथ रसायन मुक्त कृषि को बढ़ावा दें - राज्यपाल



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कां.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत भूमि अन्नपूर्णा है। उन्होंने कहा कि फसल की वृद्धि एवं उससे उत्पादन लेने के लिए जो तत्व चाहिए वे सब भूमि में मौजूद हैं। उन्होंने गाय के गोबर का खाद के रूप में उपयोग कर रसायन मुक्त कृषि पद्धति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान में देशी गाय के उपलब्ध दूध को महत्वपूर्ण बताया तथा गौ धन संरक्षण के लिए गौ शालाओं और अन्य किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

बागडे बुधवार को जयपुर में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् द्वारा आयोजित राष्ट्रीय किसान एवं गौपालक सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्र स्तरीय कृषि स्टार्टअप मेले के रूप में आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वदेशी तकनीकों को प्रोत्साहन देने, किसानों के उत्पादों के प्रमाणन और ब्रांडिंग के लिए भी कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने और किसान की बाजार पर निर्भरता को खत्म कर उन्हें लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने गाय को कामधेनु बताते हुए कहा कि मनुष्य के पोषण का बड़ा आधार गाय है। उन्होंने गाय, किसान और प्रकृति संरक्षण के लिए सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता जताई।

राज्यपाल ने सभी स्थानों पर गौ पालन, औषधीय पौधों, सरकार की योजनाओं से किसानों को मिलने वाले लाभों, स्टार्टअप किसान हित में निवेशकों के सम्मेलन आदि की पहल करने पर जोर दिया। सम्मेलन में जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. बलराज सिंह, अतुल गुप्ता, पवन अरोड़ा आदि ने भी गौ आधारित कृषि को बढ़ावा दिए जाने की बात कही।

राज्यपाल बागडे ने इससे पहले गौ पूजन किया और गाय को हरा चारा खिलाया। उन्होंने किसान मेले के विभिन्न स्टालों का भी अवलोकन किया।

# डिजिटल भारत में विचारों की बेड़ियां

**सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों की निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश और आईटी नियम 2021 ने डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित किया है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है।**

**-प्रियंका सौरभ**

धारा 79 डिजिटल मंचों को मध्यस्थ सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन हालिया सरकारी हस्तक्षेप ने इस सुरक्षा को चुनौती दी है। सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों पर निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश, और आईटी नियम 2021 का कड़ा अनुपालन डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर रहा है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन के भय से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। हालांकि, झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है। इसीलिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्लेटफार्म जवाबदेही के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। भारत को यूरोप के डिजिटल सर्विसेज एक्ट और अमेरिका के सेक्शन 230 जैसे संतुलित मॉडल से सीख लेकर, एक पारदर्शी और न्यायसंगत डिजिटल नीति अपनानी होगी। सूचना की इस नित परिवर्तनशील धारा में, जहाँ डिजिटल प्लेटफॉर्म विचारों के विस्तृत वितान की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं उन पर लगने वाली बंदिशें एक नवीन प्रश्नचिह्न उत्पन्न करती हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नियमन की कठोरता के मध्य झूलते इस युग में, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79 एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि निर्मित करती है।

**धारा 79 मध्यस्थता का कवच या नियमन की तलवार?**

आईटी अधिनियम की धारा 79 डिजिटल मंचों को एक ऐसा आश्रय प्रदान करती है, जो उन्हें उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सामग्री की जवाबदेही से मुक्त रखता है, बशर्ते कि वे मात्र संदेश वाहक की भूमिका निभाएं, न कि नियंत्रक की। किसी अवैध सामग्री की सूचना मिलने पर, नियमानुसार उसे हटाने का यत्न करें। नवीनतम आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का अनुपालन करें। किन्तु, सरकार के हालिया कदमों ने इस कवच को किसी हद तक छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है, जहाँ अभिव्यक्ति की आज़ादी और नियमन की शक्ति के मध्य एक सतत संघर्ष दृष्टिगोचर होता है। सूचना और संप्रेषण के इस युग में सरकार द्वारा लागू किए गए कुछ प्रमुख हस्तक्षेपों पर यदि दृष्टिपात करें, तो पाते हैं कि ओटीटी प्लेटफार्मों पर बढ़ती निगरानी ने रचनात्मकता को एक कठोर परिधि में बाँधने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश विचारों के मुक्त प्रवाह में एक बाधा के समान प्रतीत होते हैं। आईटी नियम, 2021 का क्रियान्वयन डिजिटल संवाद के सहज प्रवाह को नियंत्रित करने की मंशा रखता है। कई डिजिटल प्लेटफार्मों पर सामग्री प्रबंधन को लेकर पारदर्शिता की कमी उपयोगकर्ताओं के अधिकारों पर प्रभाव डालती है। स्वतंत्र पत्रकारिता एवं वैकल्पिक दृष्टिकोणों को प्रतिबंधित करने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकती है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सरकार द्वारा प्लेटफार्मों की स्वतंत्रता को सीमित करने और दायित्व को बढ़ाने की दिशा में एक अनवरत प्रयास किया जा रहा है।

**विचारों की स्वतंत्रता बनाम उत्तरदायित्व का प्रश्न**

सेंसरशिप और कंटेंट टेकडाउन जैसे कदम कलात्मक स्वतंत्रता, पत्रकारिता और राजनीतिक आलोचना पर गहरी छाया डालते हैं। आत्म-नियमन के भय से कई प्लेटफार्म स्वयं ही अधिक सामग्री हटाने लगते हैं, जिससे संवाद की विविधता प्रभावित होती है। सूचना तक पहुँच की स्वतंत्रता सीमित होने से नवाचार और बौद्धिक विमर्श बाधित होता है। डिजिटल मंचों पर झूठी सूचनाओं, घृणा व द्वेष फैलाने वाली सामग्री का उन्मूलन आवश्यक है। उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कुछ हद तक नियमन अपरिहार्य है। साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और फेक न्यूज़ को रोकने के लिए प्लेटफार्मों को अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्लेटफार्मों को समुदायिक मानकों और निष्पक्ष नीतियों का पालन करना चाहिए ताकि विचारों की अभिव्यक्ति को बाधित किए बिना एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाया जा सके।

**संतुलन की आवश्यकता मध्य मार्ग की खोज**

किसी भी लोकतांत्रिक समाज में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और डिजिटल प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी के मध्य संतुलन आवश्यक होता है। इसके लिए संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ड्ड) के तहत अभिव्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो। एक न्यायसंगत और पारदर्शी कंटेंट मॉडरेशन प्रणाली विकसित की जाए।ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों हेतु स्वतंत्र नियामक संस्था का गठन किया जाए। डिजिटल अधिकारों एवं दायित्वों की स्पष्ट व्याख्या हो। तकनीकी विशेषज्ञों, नागरिक समाज, और विधायकों के बीच निरंतर संवाद सुनिश्चित किया जाए। डिजिटल प्लेटफार्मों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी अपील तंत्र विकसित किया जाए ताकि उपयोगकर्ता अपनी आपत्तियों को दर्ज कर सकें। कंटेंट मॉडरेशन और सेंसरशिप पर डेटा पारदर्शिता रिपोर्ट्स सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

**वैश्विक संदर्भ और भारत की स्थिति**

यूरोपीय संघ का "डिजिटल सर्विसेज एक्ट" एक आदर्श उदाहरण है, जो ऑनलाइन प्लेटफार्मों के लिए संतुलित दायित्व निर्धारित करता है। अमेरिका में "सेक्शन 230" प्लेटफार्मों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व के बीच संतुलन प्रदान करता है। भारत को एक ऐसा ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है, जो न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करे बल्कि डिजिटल सुरक्षा और जवाबदेही को भी सुनिश्चित करे।

# कैसे रूक पायेगा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर अपराधिक मामले दर्ज हो रहें हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब होती जा रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीतिक दागदार हुई है। वहीं नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीतिक व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से है या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकर्ताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**



एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ भी होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। वह पैसे के बल पर ही चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांच सितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है। 1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रूपयों की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आता है। सबको पता है की राजनीति में आज छूट-भैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता हैं।

चुनाव सुधार पर काम करने वाली एक गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानि 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है।

सोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है। कुल 233 सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) और 2004 में 125 (23 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2024 में लोकसभा के लिये चुने गये 251 उम्मीदवारों में से 170 (31 प्रतिशत) पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण से पता चला कि यह 2019 में 159 (29 प्रतिशत) सांसदों, 2014 में 112 (21 प्रतिशत) सांसदों और 2009 में 76 (14 प्रतिशत) सांसदों की तुलना में भी वृद्धि है।

एडीआर के अनुसार 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी बीजेपी के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) बीजेपी उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसमें कहा गया है कि सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार केरल के 20 में से 19 (95 प्रतिशत) सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 11 गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। तेलंगाना के 17 में से 14 (82 प्रतिशत), ओडिशा के 21 में से 16 (76 प्रतिशत), झारखंड के 14 में से 10 (71 प्रतिशत) और तमिलनाडु के 39 में से 26 (67 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। वहीं उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरी ओर हरियाणा 10 और छत्तीसगढ़ 11 सांसद में केवल एक-एक सांसद पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पंजाब के 13 में से 2, असम के 14 में से 3, दिल्ली के 7 में से 3, राजस्थान के 25 में से 4, गुजरात के 25 में से 5 और मध्य प्रदेश के 29 में से 9 सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित हैं। एक जनवरी 2025 तक वर्तमान या पूर्व विधायकों के खिलाफ कुल 4,732 आपराधिक मामले लंबित थे। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 1,171 मामले दर्ज हैं। ओडिशा (457), बिहार (448), महाराष्ट्र (442), मध्य प्रदेश (326), केरल (315), तेलंगाना (313), कर्नाटक (255), तमिलनाडु (220), झारखंड (133) और दिल्ली (124) मुकदमे लंबित हैं। उपरोक्त आंकड़ों को देखने से लगता है कि हमारे देश की राजनीति में आपराधियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह देश के लिए एक बड़ा नासूर बन जाएगी। एक समय ऐसा होगा जब राजनीति का पूरी तरह अपराधीकरण हो जाएगा और स्वच्छ छवि के लोग राजनीति से दूर होते चले जाएंगे। ऐसी स्थिति देश के लिए अच्छी नहीं होगी। सरकार को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने होंगे तभी राजनीति में बढ़ती अपराधियों की संख्या पर लगाम लग पाएगी।

# समाज की उन्नति और विकास की आधारशिला रखता है साहित्य

कहते हैं कि साहित्य ही समाज का असली दर्पण होता है। समाज में जो भी घटित होता है, मतलब कि समाज में जो भी गतिविधियां होतीं हैं, लेखक उनसे कहीं न कहीं प्रभावित होता है और वह अक्सर उन्हीं चीजों, घटनाओं, गतिविधियों को अपने साहित्य में अपनी कलम के माध्यम से काग़ज़ के कैनवास पर उतारता है और समाज को अपने विचारों के माध्यम से दर्शाता है। यह साहित्य ही होता है जो किसी भी समाज की उन्नति और विकास की आधारशिला रखता है। दूसरे शब्दों में कहें तो एक साहित्यकार समाज का अभिन अंग होता है और वह साहित्य की रचना भी समाज के माध्यम से ही करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह साहित्यिक रचना ही होती है जो समाज के नवनिर्माण में पथप्रदर्शक की भूमिका निभाती है।कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि साहित्य अतीत से प्रेरणा लेता है, वर्तमान को चित्रित करने का कार्य करता है और भविष्य का मार्गदर्शन करता है। हाल ही में प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को वर्ष 2024 के लिए 59 वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। श्री शुक्ल को हिंदी साहित्य में उनके अद्वितीय योगदान, सृजनात्मकता और विशिष्ट लेखन शैली के लिए भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वे हिंदी के 12वें साहित्यकार हैं, जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। श्री शुक्ल छत्तीसगढ़ के ऐसे पहले लेखक हैं, जिन्हें यह सम्मान मिलने जा रहा है। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका जन्म 1 जनवरी 1937 को भारत के राज्य छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव में हुआ और आज वे 88 वर्ष के हैं। उन्होंने प्राध्यापन को रोज़गार के रूप में चुनकर पूरा ध्यान साहित्य सृजन में लगाया। गौरतलब है कि श्री शुक्ल ने उपन्यास एवं कविता विधाओं में खूब साहित्य सृजन किया है। वे स्वयं कहते हैं कि ' मैं बच्चों के लिए छोटा-छोटा लिखता हूं और मुझे आसान सा आधार मिल गया है कि मैं इस तरह के छोटे-छोटे काम करता रहूं।बच्चों के लिए लिखना मुझे बड़ा अच्छा लगता है।' कहना ग़लत नहीं होगा कि उनके लेखन में जहां एक ओर सरलता का प्रादुर्भाव है, तो वहीं पर दूसरी ओर उनकी लेखन शैली संवेदनशील होने के साथ ही बहुत ही अद्वितीय भी है।उनकी भाषिक बनावट अद्भुत है तथा उन्होंने समकालीन हिंदी कविता को अपने मौलिक कृतित्व से सम्पन्नतर बनाया है और इसके लिए वे पूरे भारतीय काव्य परिदृश्य में अलग से पहचाने जाते हैं। मुख्य रूप से वे हिंदी साहित्य में अपने प्रयोगधर्मी लेखन के लिये प्रसिद्ध हैं। उन्हें 'जादुई-यथार्थ' के आसपास की शैली के रूप में महसूस किया जा सकता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि उनका पहला कविता संग्रह 1971 में लगभग जय हिन्द नाम से प्रकाशित हुआ। उनके अन्य कविता संग्रहों में क्रमशः 'वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहिनकर विचार की तरह' (वर्ष 1981), 'सब कुछ होना बचा रहेगा'(वर्ष 1992), 'अतिरिक्त नहीं'(वर्ष 2000),'कविता से लंबी कविता'(वर्ष 2001),'आकाश धरती को खटखटाता है' (वर्ष 2006), 'पचास कविताएँ' (वर्ष 2011),'कभी के बाद अभी' (वर्ष 2012),'कवि ने कहा' तथा 'चुनी हुई कविताएँ'( वर्ष 2012) व 'प्रतिनिधि कविताएँ'( वर्ष 2013) शामिल हैं। उनके उपन्यासों में क्रमशः 'नौकर की कमीज' (1979), 'खिलेगा तो देखेंगे'(वर्ष 1996),'दीवार में एक खिड़की रहती थी' (वर्ष 1997), 'हरी घास की छप्पर वाली झोपड़ी और बौना पहाड़' (वर्ष 2011),'यासि रासा त' (वर्ष 2017) तथा



**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।**

'एक चुप्पी जगह' (वर्ष 2018) शामिल हैं। उनके कहानी संग्रहों में क्रमशः 'पेड़ पर कमरा' (वर्ष 1988),'महाविद्यालय'(वर्ष 1996),'एक कहानी'( वर्ष 2021) तथा 'घोड़ा और अन्य कहानियाँ'( वर्ष 2021) शामिल हैं। इतना ही नहीं, उनकी कृतियों के अनुवाद भी हुए हैं। गौरतलब है कि श्री शुक्ल के उपन्यास 'नौकर की कमीज' पर प्रसिद्ध फिल्मकार मणि कौल ने वर्ष 1999 में इसी नाम से एक फिल्म भी बनाई थी। पाठकों को बताता चलूं कि श्री शुक्ल को इससे पहले साहित्य अकादमी पुरस्कार के अलावा भी कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। पुरस्कारों में क्रमशः गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप ' (म.प्र. शासन), रज़ा पुरस्कार ' (मध्यप्रदेश कला परिषद), शिखर सम्मान (म.प्र. शासन),राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान (म.प्र. शासन), दयावती मोदी कवि शेखर सम्मान' (मोदी फाउंडेशन),साहित्य अकादमी पुरस्कार (भारत सरकार),हिन्दी गौरव सम्मान (उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, उ.प्र. शासन), मातृभूमि पुरस्कार, वर्ष 2020 (अंग्रेजी कहानी संग्रह 'ब्ल्यू इज लाइक ब्ल्यू' के लिए), साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के सर्वोच्च सम्मान 'महत्तर सदस्य' सम्मान (वर्ष 2021) शामिल हैं। बहरहाल, भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है और भारत का कोई भी नागरिक जो भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं में से किसी भाषा में उत्कृष्ट लेखन कार्य करता हो, इस पुरस्कार के योग्य है।इस पुरस्कार में ग्यारह लाख रुपये की धनराशि, प्रशस्तिपत्र और वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा दी जाती है। गौरतलब है कि वर्ष 1961 में स्थापित प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार वर्ष 1965 में मलयालम लेखक जी. शंकर कुरुप को प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार उन्हें उनके काव्य संग्रह 'ओडक्कुझल' के लिए प्रदान किया गया था। जिस समय शंकर कुरुप को यह पुरस्कार प्रदान किया गया था, उस समय पुरस्कार की धनराशि एक लाख रुपए थी तथा 1982 तक यह पुरस्कार लेखक की एकल कृति के लिये दिया जाता था, लेकिन इसके बाद से यह लेखक के भारतीय साहित्य में संपूर्ण योगदान के लिये दिया जाने लगा। हाल फिलहाल पाठकों को बताता चलूं कि विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजे जाने की बात पर उन्होंने कहा है कि 'ज्ञानपीठ पुरस्कार से जिम्मेदारी का अहसास होता है।' उन्होंने कहा है कि 'मैंने बहुत कुछ देखा, बहुत कुछ सुना, बहुत कुछ महसूस किया, लेकिन उसका केवल एक अंश ही लिख सका।' पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वे भारत के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले राज्य छत्तीसगढ़ के पहले लेखक भी हैं। साहित्य के प्रति उनका कितना लगाव है,यह इस बात से स्पष्ट होता है कि उन्होंने हाल ही में ज्ञानपीठ पुरस्कार जीतने के बाद यह बात कही है कि 'मैं अपनी जिंदगी का पीछा अपने लेखन से करना चाहता हूं।' कहना ग़लत नहीं होगा कि शुक्ल जी को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलना एक ओर जहां पर हिंदी साहित्य जगत के लिए गौरव का विषय है वहीं दूसरी ओर यह उनकी असाधारण रचनात्मकता, मौलिक लेखन शैली और साहित्य के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता,रूचि को दर्शाता है। वे संवेदनाओं को बहुत ही गहराई से काग़ज़ के कैनवास पर उकेरते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी रचनाओं की विशेषता यह है कि वे अत्यंत सरल, सहज और आम बोलचाल की भाषा में लिखी गई होती हैं, लेकिन उनमें गहरी दार्शनिकता और मानवीय संवेदनाएं निहित होतीं हैं। वे जीवन के हर पहलू को गहराई से अध्ययन करते हैं और उसे काग़ज़ पर सहजता और सरलता से पिरो देते हैं। शुक्ल जी जीवन की साधारण से साधारण घटनाओं, अनुभवों को असाधारण रूप से बहुत ही सूक्ष्मता से सही दृष्टिकोण और संवेदनशीलता से प्रस्तुत करते हैं।कहना ग़लत नहीं होगा कि श्री शुक्ल जी का लेखन हिंदी साहित्य में एक अलग व अनूठी पहचान बनाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने के बाद साहित्य के क्षेत्र में उनकी पहुंच दूर-दूर तक हो सकेगी, जिससे भारतीय साहित्य का समृद्ध भंडार और विस्तृत हो सकेगा। आज साहित्य पर बाजारवाद और दिखावे का बड़ा प्रभाव है। साहित्यकार कलिष्टता की ओर बढ़ते चले जा रहे हैं। साहित्य चोरी तो जैसे आम बात सी हो चली है। साहित्य से संवेदनशीलता, मौलिकता और सरलता तथा सहजता जैसे गायब सी है। हमें यह बात याद रखनी चाहिए कि साहित्य कोई भी उसमें मौलिकता बहुत ही महत्वपूर्ण और जरूरी है। बिना मौलिकता और संवेदनशीलता के कोई भी साहित्य निष्प्राण ही कहलाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि साहित्य में सच्चाई प्रकट होनी चाहिए और उसकी भाषा प्रौढ़, परिमार्जित, और सुंदर होनी चाहिए।एक अच्छे साहित्य में दिलो-दिमाग पर असर डालने के गुण होने चाहिए।एक अच्छा साहित्य हमें मानवीय करुणा, संवेदनशीलता, सद्भाव, एकात्म, भाषायी ज्ञान, सांस्कृतिक ज्ञान, संयम, सौहार्द प्रदान करता है और श्री शुक्ल जी के साहित्य में यह सबकुछ है।श्री शुक्ल जी ने अपने लेखन के माध्यम से यह बखूबी दर्शाया है कि साहित्य क्लिष्ट व कठिन शब्दों का खेल मात्र नहीं है, बल्कि साहित्य इससे कहीं ऊपर है। वास्तव में,उन्होंने अपने लेखन से यह दर्शाया है कि साधारण जीवन की छोटी-छोटी बातों में भी असाधारण सुंदरता निहित हो सकती है।सच तो यह है कि संवेदना ही एक ऐसा भाव है, जो साहित्य और समाज को जोड़ता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि संवेदनहीन साहित्य समाज को कभी प्रभावित नहीं कर सकता और वह मात्र मनोरंजन कर सकता है। साहित्य समाज को संस्कारित करने के साथ-साथ जीवन मूल्यों की भी शिक्षा देता है एवं कालखंड की विसंगतियों, विद्रूपताओं एवं विरोधाभासों को रेखांकित कर समाज को संदेश प्रेषित करता है, जिससे समाज में सुधार आता है और सामाजिक विकास को गति मिलती है। अंत में यही कहूंगा कि श्री शुक्ल जी का साहित्य साधारण जीवन के साधारण व छोटे-छोटे अनुभवों की सच्ची अभिव्यक्ति है। कहना चाहूंगा कि उनके साहित्य से नव-लेखकों, साहित्यकारों, शोधार्थियों को सदैव नवीन ऊर्जा, सकारात्मकता व प्रोत्साहन मिलता रहेगा। उनके शानदार, जानदार लेखन को यह लेखक नमन करता है। जय-जय।

# भारत में गर्मी का जल्दी आना और लू का बढ़ना

**बढ़ते तापमान से कृषि, जल संकट, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। फरवरी में असामान्य रूप से अधिक गर्मी, रात के तापमान में वृद्धि, समुद्री तापमान का असर और शहरी हीट आइलैंड प्रभाव इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। इसका असर शिक्षा, श्रम उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत में लू की घटनाएँ जलवायु परिवर्तन के कारण तेज़ी से बढ़ रही हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी इलाकों में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है और यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसे लू के रूप में परिभाषित किया जाता है। 2024 में भारत ने 554 लू के दिन अनुभव किए, जबकि 2023 में यह संख्या 230 थी। यह वृद्धि कृषि, जल उपलब्धता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, जिससे तत्काल शमन उपायों की आवश्यकता है।

फरवरी, जो आमतौर पर सर्दियों का महीना होता है, अब अत्यधिक गर्मी का अनुभव कर रहा है। ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र में फरवरी 2025 में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जो जलवायु परिवर्तन की ओर इशारा करता है। उदाहरण फरवरी 2025 में मुंबई ने 38.7 डिग्री सेल्सियस का तापमान दर्ज किया, जो पांच वर्षों में सबसे गर्म फरवरी का दिन था। इसने दैनिक जीवन को बाधित किया और गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि की। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार और तीव्र हीटवेव देखी जा रही हैं, जिससे जनसंख्या पर भारी दबाव पड़ रहा है। रात के तापमान में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सामान्य से 1एष्ट अधिक रात का तापमान दर्ज किया गया, जबकि 22 राज्यों में 3एष्ट-5एष्ट की वृद्धि देखी गई। दिल्ली में 2024 में 74 वर्षों की सबसे गर्म फरवरी की रात दर्ज की गई, जिससे कमजोर वर्ग के लिए रिकवरी का समय कम हो गया। समुद्री हीटवेव अंतर्देशीय तापमान को बढ़ाती हैं और मानसून के पैटर्न को प्रभावित करती हैं। 2023 में बंगाल की खाड़ी में समुद्री हीटवेव के कारण पूर्वी भारत में मानसून में देरी हुई और प्री-मानसून गर्मी बढ़ी। कंक्रीट संरचनाएँ, कम हरियाली और प्रदूषकों की उपस्थिति से शहरी क्षेत्रों में गर्मी अधिक रहती है। अप्रैल 2023 में अहमदाबाद के शहरी क्षेत्रों में तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से 3-4 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

राज्यों के बीच समन्वय सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय अनुकूलन योजना में हीटवेव शमन को शामिल करना आवश्यक है। अहमदाबाद की हीट एक्शन प्लान (2013) हर साल 1190 मौतों को रोकने में मदद करता है। शहरी नियोजन में हरित इमारतों, निष्क्रिय शीतलन और गर्मी प्रतिरोधी सामग्रियों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। तेलंगाना की कूल रूफ नीति (2021) ताप-परावर्तक छतों को बढ़ावा देती है, जिससे इनडोर तापमान कम होता है। वृक्षारोपण, छत पर बागवानी और जल निकायों के संरक्षण से तापमान कम किया जा सकता है। दिल्ली की शहरी वन पहल ने कई हॉटस्पॉट में स्थानीय तापमान को 2-3 डिग्री सेल्सियस तक कम किया। स्थानीय मौसम निगरानी, हीटवेव पूर्वानुमान और शहरी हीट आइलैंड मानचित्रण का विस्तार किया जाना चाहिए। कमज़ोर श्रमिकों के लिए हीट इंश्योरेंस, समायोजित कार्य घंटे और शीतलन आश्रय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। राजस्थान के हीट इंश्योरेंस पायलट (2023) ने अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को वित्तीय मुआवज़ा प्रदान किया।

अत्यधिक गर्मी के कारण स्कूलों में गर्मी की छुट्टियाँ लंबी हो सकती हैं, जिससे पाठ्यक्रम पूरा करना मुश्किल हो जाता है। कई स्कूलों में पर्याप्त शीतलन व्यवस्था नहीं होती, जिससे छात्रों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। परीक्षा के समय लू पड़ने से छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। अत्यधिक गर्मी के कारण श्रमिकों की उत्पादकता में कमी आती है, खासकर निर्माण, खेती और अन्य बाहरी कामों में। बिजली की खपत बढ़ने से ऊर्जा संकट उत्पन्न हो सकता है, जिससे बिजली कटौती बढ़ती है। हीटवेव के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ती हैं, जिससे अस्पतालों पर दबाव बढ़ता है और स्वास्थ्य सेवा का खर्च बढ़ जाता है। झीलों, तालाबों और नदियों का जल स्तर तेजी से गिरता है, जिससे पेयजल की समस्या गहराती है। भूजल स्तर में गिरावट होती है, जिससे सिंचाई और पेयजल की आपूर्ति प्रभावित होती है। जंगलों में आग लगने की घटनाएँ बढ़ती हैं, जिससे जैव विविधता को नुकसान होता है। गर्मी के कारण कई पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। गेहूं, धान और अन्य प्रमुख फसलों की पैदावार में गिरावट आती है, जिससे खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है। अत्यधिक गर्मी और जल संकट के कारण पशुपालन भी प्रभावित होता है। अधिक गर्मी सहने वाली और कम पानी में पनपने वाली फसलों का विकास और उपयोग किया जाए। किसानों को माइक्रो-इरिगेशन तकनीक (टपक सिंचाई) अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। हरी छतें, जलाशयों और खुले हरे क्षेत्रों को बढ़ावा देना। सार्वजनिक स्थलों पर पेड़ों की छाया और वाटर स्प्रे सिस्टम लगाना। स्मार्ट शहरों में तापमान अनुकूलन तकनीकों को अपनाना। हीट-रेसिस्टेंट निर्माण सामग्री और ऊर्जा-कुशल डिज़ाइन को बढ़ावा देना। समुद्र के तापमान को नियंत्रित करने के लिए वैश्विक और क्षेत्रीय प्रयासों को मजबूत करना। तटीय इलाकों में मैंग्रोव वनों को पुनर्जीवित करना, जो प्राकृतिक रूप से तापमान को संतुलित करने में सहायक होते हैं। यूरोप का हीट एक्शन प्लान फ्रांस और स्पेन ने हीटवेव के दौरान कूलिंग सेंटर और सार्वजनिक अलर्ट सिस्टम लागू किए हैं। ऑस्ट्रेलिया का जल प्रबंधन सूखा-प्रभावित क्षेत्रों में जल संचयन और संरक्षण के लिए प्रभावी नीतियाँ लागू की गई हैं। अमेरिका का 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर' प्रोग्राम शहरी इलाकों में हरियाली और छायादार क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं। भारत में बढ़ती गर्मी और लू के प्रभावों को कम करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार, समाज और वैज्ञानिक समुदाय को मिलकर दीर्घकालिक समाधान विकसित करने होंगे। जलवायु अनुकूलन, स्मार्ट शहरी योजना, कृषि नवाचार और वैश्विक सहयोग से ही इस चुनौती से निपटा जा सकता है। गर्मी की लहरों के बढ़ते खतरे के कारण जलवायु-अनुकूलन योजनाओं को लागू करना आवश्यक हो गया है। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, हीट एक्शन प्लान और लचीले बुनियादी ढांचे को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। शहरी हरियाली, परावर्तक छतें और टिकाऊ जल प्रबंधन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



# क्या भूत बंगला में अक्षय के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं राम चरण

अक्षय कुमार और मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला इन दिनों सुर्खियों में है। फिल्म की शूटिंग जोरों पर चल रही है। हाल ही में इसका एक शेड्यूल जयपुर मैनशन में पूरा हुआ है। इस लोकेशन पर फिल्म की कई अहम सीन फिल्माए गए हैं। इस बीच एक चौंकाने वाली खबर ने फैंस का ध्यान खींचा। साउथ के सुपरस्टार राम चरण की एक तस्वीर फिल्म के सेट से लीक हो गई है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है।

### लीक हुई राम चरण की तस्वीर

लीक हुई तस्वीर में राम चरण को प्रियदर्शन के साथ बातचीत करते देखा गया। दोनों के बीच गहरी चर्चा चल रही थी। कुछ लोग कह रहे हैं कि शायद वे किसी सीन को लेकर बात कर रहे थे। वहीं, कुछ का मानना है कि यह महज एक संयोग हो सकता है। हो सकता है कि राम चरण पास में किसी दूसरी फिल्म की शूटिंग कर रहे हों और प्रियदर्शन से मिलने चले आए हों।

### अक्षय-राम चरण साथ आएंगे नजर?

इस तस्वीर के बाद फैंस के मन में एक ही सवाल गूंज रहा है कि क्या अक्षय कुमार और राम चरण साथ में स्क्रीन शेयर करने वाले हैं? अगर ऐसा हुआ तो यह बड़े पर्दे पर बड़ा पैन-इंडिया धमाका होगा। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि फिल्म के रिलीज के साथ कोई बड़ा सरप्राइज सामने आ सकता है।

### ये सितारे भी हैं फिल्म में मौजूद

प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही भूत बंगला में अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ इस फिल्म में परेश रावल, वामिका गब्बी, तब्बू, राजपाल यादव और जिशु सेनगुप्ता जैसे शानदार कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म में हॉरर के साथ कॉमेडी का तड़का भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 2 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में अक्षय कुमार को फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया था। यह इस साल की पहली 100 करोड़ रुपये कमाने वाली हिंदी फिल्म थी। वहीं, राम चरण को गेम चेंजर नाम की फिल्म में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा सकी थी।



# सिंगिंग डेब्यू पर मन्नारा चोपड़ा बोलीं, संगीत मेरे दिल के करीब

अभिनेत्री, बिग बॉस की पूर्व कंटेस्टेंट मन्नारा चोपड़ा सिंगिंग में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अजीब दास्तान में वह अपनी आवाज देती नजर आएंगी। गाने को आवाज देने के साथ ही मन्नारा ने म्यूजिक वीडियो के कुछ हिस्सों का निर्देशन भी किया है, जिसमें न्यूयॉर्क शहर की शानदार पृष्ठभूमि पर तैयार पुरानी दुनिया की धुनों के आकर्षण को खूबसूरती से दिखाया गया है। इस नए काम को लेकर उत्साहित मन्नारा ने कहा, संगीत हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। यह गीत इसलिए खास है, क्योंकि इसमें क्लासिक्स के प्रति मेरे प्यार को मेरे अपने कलात्मक स्पर्श के साथ मिलाया गया है। मैं कुछ ऐसा बनाना चाहती थी, जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ यूनिवर्सल भी लगे और मुझे उम्मीद है कि लोग इससे उसी तरह जुड़ेंगे, जैसे मैं जुड़ती आई हूं। अजीब दास्तान है ये मूल रूप से 1960 की फिल्म दिल अपना और प्रीत पराई से है, जिसमें मीना कुमारी, राजकुमार, जे. ओम प्रकाश, नादिरा, हेलेन और नाज ने अभिनय किया। इस गाने को दिवंगत गायिका लता मंगेशकर ने गाया है और इसे शैलेंद्र ने लिखा है। 33 वर्षीय अभिनेत्री मन्नारा का जन्म हरियाणा के अंबाला कैंटोनमेंट में हुआ था, उन्होंने 40 से अधिक विज्ञापनों में काम किया है। अभिनय की शुरुआत से पहले वह एक फैशन डिजाइनर और सहायक कोरियोग्राफर के रूप में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने हिप हॉप और बेली डांसिंग जैसे नृत्य रूपों में प्रशिक्षण लिया। मन्नारा ने 2014 में अभिनय की दुनिया में कदम रखा और तेलुगु, तमिल, हिंदी और कन्नड़ जैसी विभिन्न भाषाओं की फिल्मों में काम किया। उन्होंने श्रीराम चंद्रा के साथ 2014 की तेलुगू फिल्म प्रेमा गीमा जंता नाई से अपने अभिनय की शुरुआत की।

उन्होंने अनुभव सिन्हा की जिद से हिंदी में शुरुआत की, जिसमें उनके साथ करणवीर शर्मा भी थे। 2015 में चोपड़ा ने दो तमिल फिल्मों के एक गाने में विशेष भूमिका निभाई थी। मन्नारा थिक्का में साई धरम तेज के साथ मुख्य भूमिका भी निभाई। मन्नारा 2017 में रॉग से कन्नड़ फिल्म में डेब्यू कर चुकी हैं। वह साल 2023 में सलमान खान के शो बिग बॉस के 17वें सीजन में शामिल हुई थीं।



# हर इंडस्ट्री में मौजूद है जेंडर आधारित भेदभाव

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इंडस्ट्री में महिला कलाकारों के साथ होने वाली लैंगिक भेदभाव पर बात की है। पूजा ने अपने साथ हुए कुछ अनुभवों को भी शेयर किया है। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी भी किसी मेल को-एक्टर से परेशानी हुई है? जवाब में वो कहती हैं- 'यह सभी इंडस्ट्री में होता है लेकिन अलग-अलग स्तर पर। इनमें से कुछ बहुत ही खुले रूप में है और कुछ बहुत ही शटल तरीके में। छोटी-छोटी चीजें होती हैं। जैसे कि मेल एक्टर की वैनिटी वैन सेट के पास खड़ी होती है। जबकि हमें अपने लहंगे को उठाकर दूर तक चलाना पड़ता है।' मैं कभी-कभी सोचती हूं, हमारे बारे में भी सोचो। हमें इतनी भारी भरकम कपड़ों में अपने वैन तक पहुंचने के लिए खुद को घसीटना पड़ता है। ये एक शटल सेक्सिज्म है। यह भी हो सकता है कि आपका नाम पोस्टर में न हो। कभी-कभी आपको क्रेडिट तक नहीं दिया जाता, जबकि भले ही फिल्म लव स्टोरी ही क्यों न हो? हम सबको समझना होगा कि फिल्म बनाना एक कलेक्टिव एफर्ट है। पूजा आगे कहती हैं कि उन्होंने कई ऐसे मेल को-स्टार के साथ काम किया है, जिन्होंने दशकों की मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। लेकिन जहां टेक्निकली वो बड़ी स्टार रही हैं, उन्हें वहां भी सेट पर दूसरे दर्जे का एहसास कराया गया है।

पूजा के काम की बात करें तो इन्होंने तमिल, तेलगु और हिंदी तीनों इंडस्ट्री में काम किया है। पूजा मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 की रनर अप भी रह चुकी हैं। 2012 में तमिल फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। हाल में शाहिद कपूर के साथ इनकी फिल्म 'देवा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने एक जर्नलिस्ट की भूमिका निभाई थी।

# जिंदगी जीने के तरीके को लेकर तमन्ना भाटिया का बड़ा खुलासा



बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपनी खूबसूरती और बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। अपने कथित बॉयफ्रेंड विजय वर्मा से ब्रेकअप की अफवाहों के बाद अब तमन्ना भाटिया ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कुछ खुलासे किए हैं, जो उनके लिए काफी निजी तौर पर मायने रखते हैं। कथित तौर पर तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के बारे में यही खबरें आ रही थीं कि वे कुछ समय तक एक-दूसरे के साथ रिश्ते में रहने के बाद अब अलग हो गए हैं। हालांकि, अभी तक दोनों में से किसी ने भी इस बात की पुष्टि नहीं की है। लोगों का कहना है कि तमन्ना शादी करना चाहती थीं, लेकिन विजय अपने करियर पर ध्यान देना चाहते थे। खबर के मुताबिक, तमन्ना ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह अपनी निजी बातों को सबसे छुपाकर रखती हैं और केवल वही बताती हैं, जो उन्हें ठीक लगता है। जब उनसे पूछा गया कि वह अपनी निजी जिंदगी को कैसे छुपाती हैं, तो उन्होंने कहा कि उन्हें लोगों से मिलना-जुलना पसंद है। वह एयरपोर्ट पर भी फैंस के साथ खुशी-खुशी तस्वीरें खिंचवाती हैं। उनका कहना है कि उन्होंने यह काम चुना है और उन्हें लोगों के बीच रहना अच्छा लगता है। तमन्ना को अजनबियों से बात करना भी पसंद है। उनका मानना है कि इससे उन्हें गहरी बातचीत करने का मौका मिलता है। वह कहती हैं कि वह अपनी जिंदगी के बारे में जितना बताना चाहती हैं, उतना ही बताती हैं और उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है।



# राहुल बोस ने खुद को बताया स्टारलेट

आपको 2003 में आई फिल्म 'चमेली' तो याद ही होगी। फिल्म में करीना कपूर के साथ राहुल बोस मुख्य भूमिका में नजर आए थे। हालांकि, राहुल बोस का ये मानना है कि उस फिल्म की प्रमुख स्टार करीना कपूर ही थीं। साथ ही अभिनेता ने ये भी बताया कि फिल्म की उनकी फीस करीना को मिली फीस का एक छोटा सा हिस्सा मात्र थी।

अभिनेता राहुल बोस ने बॉलीवुड में वित्तीय असमानता पर भी खुलकर बात की। अभिनेता ने कहा, पुरुष अभिनेताओं ने भी वर्षों से स्टारलेट की भूमिका निभाई है। मैं खुद इसका एक उदाहरण हूं। फिल्म 'चमेली' में मैं स्टारलेट था और करीना स्टार थीं। वो आज भी मुझसे ज्यादा लोगों को थिएटर में ला सकती हैं।

अभिनेता ने आगे कहा, फिल्म 'चमेली' में मुझे करीना के मुकाले कम पैसे मिले थे। जो कि तार्किक भी है। जो लोग ज्यादा लोगों को थिएटर में बुला सकते हैं, बेहतर होगा कि उनके अनुपात का ध्यान भी रखा जाए और ऐसा हुआ भी है। यह पैटर्न कायम रहा, क्योंकि मैं कभी भी ऐसा अभिनेता नहीं था जो दर्शकों को सिनेमाघरों तक ले आए।

राहुल बोस ने आगे पैसों के भुगतान के मामले पर बात करते हुए कहा, मुझे बॉलीवुड में पैसों के भुगतान का पैट्रेन सही लगता है। यहां कलाकार की कमाई उसके बॉक्स ऑफिस अपील पर टिकी होती है। जो जितने लोगों को थिएटर में ला सकता है, उसे उस हिसाब से भुगतान किया जाएगा। खुद दो फिल्मों का निर्माण करने के बाद अभिनेता ने ये महसूस किया है कि उन्होंने खुद को जितना भुगतान किया, उससे ज्यादा नहीं किया होता। लैंगिक वेतन असमानता पर बहस को खारिज करते हुए, उन्होंने कहा कि प्रणाली सीधी है, अगर कोई अभिनेता राजस्व लाता है, तो वे अधिक कमाते हैं, यदि नहीं, तो उनका वेतन इसे दर्शाता है।

# कंटेंट वाली फिल्मों को लेकर एकता कपूर की खरी-खरी

ब्रिटिश वेब सीरीज एडोलसेंस इस समय काफी चर्चा में है। अनुराग कश्यप और हंसल मेहता सहित कई अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं ने इस सीरीज की प्रशंसा की है। निर्माता एकता कपूर ने अपने साथी फिल्म निर्माताओं के विचारों पर अपनी राय रखी। एकता ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक सीरीज शेयर की। उन्होंने लिखा कि भारत में क्वालिटी कंटेंट क्यों संघर्ष करता है? उन्होंने सवाल किया कि क्या समस्या फिल्म निर्माताओं के साथ थी या दर्शकों के साथ? एकता ने लिखा, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव और मेरे प्यारे दोस्त हंसल मेहता की बकिंघम मर्डर्स सिनेमाघरों में नहीं चलती तो क्या हम असली दोषियों को दोष दे सकते हैं? एकता कपूर ने क्रिप्टिक पोस्ट लिखते हुए कहा कि भारतीय फिल्म निर्माताओं को जोखिम लेने और परियोजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की जरूरत है। एकता कपूर ने क्रिएटर्स को कंटेंट वाली फिल्मों में अपना पैसा लगाने का आग्रह किया, उन्होंने कहा, क्रिएटर्स मैं आपसे सिस्टम से लड़ने का आग्रह करती हूं, ये पैसे के भूखे, कॉर्पोरेट स्टूडियो और ऐप्स केवल पैसे (मैं भी शामिल हूं) और नंबरों के बारे में सोचते हैं! मूवी मेकिंग, कंटेंट क्रिएशन कोई बिजनेस नहीं है। यह एक कला है और मैं कला का समर्थन करना चाहता हूं, इसलिए मैं क्रिएटर्स से अपना पैसा लगाने का आग्रह करता हूं।





# पंजाबी फिल्म को बॉलीवुड से जोड़ने पर हिना खान ने की गिप्पी ग्रेवाल की तारीफ

अभिनेत्री हिना खान ने हाल ही में पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री और बॉलीवुड के बीच की खाई को पाटने के लिए अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल की प्रशंसा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। गिप्पी की अपकमिंग एक्शन फिल्म 'अकाल' दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी में रिलीज होने वाली पहली पंजाबी फिल्म होगी। करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस आगामी पंजाबी फिल्म का हिंदी वर्जन प्रस्तुत कर रही है। हिना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक भावुक नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने गिप्पी और उनके परिवार के साथ अपने हालिया मुलाकात की तस्वीरें शेयर कीं। कुछ तस्वीरों में अभिनेत्री गिप्पी के बेटे गुरफतेह सिंह ग्रेवाल (शिंदा) के साथ पोज देती नजर आईं।

हिना ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, पिछली रात मैं अपने परिवार से मिली, जो हमेशा मेरे साथ रहे हैं... गिप्पी आप एक प्योर सोल हैं और आपका दिल गोल्डन है। इसके साथ ही हिना ने रवनीत के लिए खूबसूरत लाइन्स लिखी, उन्होंने कहा, रवनीत आपको जैसे ही मेरे इलाज के बारे में पता चला, आप तभी से मेरे बारे में पूछती रहीं और हालचाल लेती रहीं। आपने कभी भी मेरा हालचाल पूछना बंद नहीं किया और अपनी सर्जरी से ठीक पहले आपके द्वारा मेरे लिए रखे खास पथ और अरदास को मैं कभी नहीं भूल सकती।

अभिनेत्री ने कहा, मेरा इस परिवार के साथ एक बहुत ही खास रिश्ता है.. यह परिवार हमेशा प्यार और खुशी के साथ फलता-फूलता रहे। गिप्पी को पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री को बॉलीवुड के साथ जोड़ने के लिए बहुत-बहुत बधाई और 'अकाल' के लिए शुभकामनाएं। तुसी तो छा गए, ढेर सारा प्यार हमेशा। बता दें, गिप्पी ग्रेवाल न केवल अकाल में अभिनय कर रहे हैं, बल्कि प्रोजेक्ट के निर्देशक और लेखक के रूप में भी हैं। फिल्म में निमरत खैरा, अपिंदरदीप सिंह, मीता वशिष्ठ, प्रिंस कंवलजीत सिंह, निकितिन धीर, गुरप्रीत घुग्गी, शिंदा ग्रेवाल, एकोम ग्रेवाल और जग्गी सिंह जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

'अकाल' 10 अप्रैल, 2025 को पंजाबी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करण जौहर 'अकाल' के साथ पंजाबी फिल्म में डेब्यू करने जा रहे हैं। रण जौहर ने इस प्रोजेक्ट से जुड़ने पर गर्व व्यक्त करते हुए एक भावुक नोट शेयर किया। उन्होंने लिखा, पंजाबी सिनेमा में शुरुआत के साथ टैलेंटेड गिप्पी ग्रेवाल संग जुड़ने पर गर्व है। अकाल न केवल पंजाब की संस्कृति और इतिहास का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि मुझे विश्वास है कि यह पूरे भारत और उससे परे के लोगों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ सकेगा। यही वजह है कि हमें अकाल को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी में रिलीज होने वाली पहली पंजाबी फिल्म के रूप में पेश करने पर और भी गर्व है...ताकि सिनेमा का जादू सीमाओं से परे भी जीतता रहे।



# कॉमेडी फिल्म में साथ नजर आएंगे अक्षय कुमार-जॉन अब्राहम? क्या है सच

जॉन अब्राहम ने हाल ही में कॉमेडी फिल्म के लिए अपने अभिनेता अक्षय कुमार के साथ रियूनियन का संकेत दिया है। इससे पहले यह जोड़ी गरम मसाला और देसी बॉयज सहित कई प्रतिष्ठित कॉमेडी फिल्मों में स्क्रीन स्पेस साझा कर चुकी है। जॉन से दोनों फिल्मों के सीक्वल की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने उत्साह व्यक्त किया उन्होंने कहा- हां, हम इनमें से किसी एक या दोनों फिल्मों को बनाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि वे मजेदार होंगी। जॉन ने अक्षय के साथ अपने रिश्ते के बारे में कहा- मुझे नहीं लगता कि अन्य दो अभिनेताओं के बीच अक्षय और मेरे बीच जैसी केमिस्ट्री है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अक्षय के साथ काम करना छुट्टी मनाने जैसा लगता है, वह एक अच्छे इंसान हैं, इसलिए हम अच्छा समय बिताएंगे।





## गोदरेज ने लॉन्च किया नया एसी पोर्टफोलियो

# 50% वृद्धि के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपने एसी पोर्टफोलियो का किया विस्तार



- ❒ प्रीमियम रेंज के स्मार्ट एसी में निवेश
- ❒ कैसट एसी और टॉवर एसी के साथ कमर्शियल एसी सेगमेंट में रखे कदम

**जयपुर टाइम्स**

भारत। गर्मी के आगमन और तापमान में वृद्धि के बीच, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की इकाई गोदरेज एंड बॉयस के एप्लायंसेज बिजनेस ने अपने नए एसी पोर्टफोलियो को लॉच किया है। यह पोर्टफोलियो कई क्षमताओं, टन भार, ऊर्जा रेटिंग और तकनीकों में उपलब्ध है। इस साल इस श्रेणी में 2 गुना वृद्धि और बढ़ते तापमान को देखते हुए, ब्रांड आगामी गर्मियों में 50त्न अतिरिक्त वृद्धि का लक्ष्य बना रहा है।

पिछले साल की नेचर-इंस्पायर्ड वोगसीरीज पर आधारित, ब्रांड ने नए वुड फिनिश एसी पेश किए हैं और इसे नई मार्बल सीरीज तक विस्तारित किया है, जिससे डेकोर फ्रेंडली डिजाइनों के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता और मजबूत होती है। ब्रांड ने विंडो एसी के डिजाइन पर भी फोकस किया है, जिसमें नए टॉप थ्रो विंडो एसी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ब्रांड ने कमर्शियल एसी सेगमेंट में भी कदम रखा है, जिसमें टॉवर और कैसट एसी शामिल हैं, जो बड़े आवासीय और व्यावसायिक स्थानों की अनूठी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। 5-स्टार एसी पोर्टफोलियो में अधिक एसकेयू और 3 और 4 टन तक की उच्च कूलिंग क्षमता, नए डिजाइनर मॉडल, मौजूदा एंटी-लीक एसी और हॉट एंड कोल्ड एसी के अलावा एक बड़ी एआई संचालित रेंज के साथ, ब्रांड अपनी विकास यात्रा को और गति देने के लिए अपने मजबूत पोर्टफोलियो पर भरोसा कर रहा है। इस साल ब्रांड का सबसे बड़ा फोकस स्मार्ट एसी सेगमेंट पर रहा है, जिसमें कई नए मॉडल पेश किए गए हैं। गोदरेज स्मार्ट एसी रेंज एआई-पावर्ड तकनीक, कनेक्टिविटी और वाईफाई-सक्षम नियंत्रण के साथ उपयोगकर्ताओं की सुविधा को एक नई पहचान देती है। इसे उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए चौतरफा अभियान चलाया जाएगा और लगभग हर प्लेटफॉर्म के जरिये उपभोक्ताओं से जुड़ने का प्रयास किया जाएगा।

लॉन्च के अवसर पर, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एप्लायंसेज बिजनेस के बिजनेस हेड और ईवीपी कमल नंदी ने कहा, हम अपने उपभोक्ताओं को उनके पैसे का बेहतर मूल्य प्रदान करने के लिए उपयोगी और अनूठे इनोवेशन की अपनी फिलोसोफी का पालन करते रहते हैं। हमारे नए स्मार्ट एसी रेंज रिमोट कनेक्टिविटी और वॉयस कमांड की पारंपरिक पेशकश से आगे बढ़कर मुख्य कूलिंग प्रदर्शन को बेहतर बनाने या वास्तविक सुविधा प्रदान करने वाले समाधान पेश करते हैं। स्मार्ट फ़िल्टर क्लीनिंग नोटिफिकेशन, स्मार्ट शेड्यूलर, स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग, रिमोट डायग्नोसिस, और आसान सर्विस एक्सेस जैसी उन्नत सुविधाएँ - ये वॉयस और ऐप-सक्षम स्मार्ट एयर कंडीशनर भारतीय उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए हैं।ﾑ संचालित मशीनों से लेकर पेटेंट की गई एंटी-लीक तकनीक, अनूठी वुड फ़िनिश एसी से लेकर आकर्षक स्मार्ट एसी और शक्तिशाली कमर्शियल एयर कंडीशनर तक, हमारा प्रयास अपने उपभोक्ताओं की प्रीमियम उम्मीदों को पूरा करना है।

इस बारे में और अधिक जानकारी देते हुए, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रु प के एप्लायंसेज बिजनेस के प्रोडक्ट ग्रुप हेड - एयर कंडीशनर, सब्यसाची गुप्ता ने कहा, ÷आज उपभोक्ता अपने प्रॉडक्ट में स्टाइल, प्रदर्शन और स्मार्ट सुविधाओं का बेहतर मेल चाहते हैं। इस दौर में हमें अपने व्यापक नए एसी पोर्टफोलियो को पेश करते हुए खुशी हो रही है।




## ट्रांसयूनियन सिबिल की नवीनतम सीएमआई रिपोर्ट के अनुसार पहली बार ऋण लेने वालों में 41% जेनरेशन जेड हैं

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(एजेंसी)। दिसंबर 2024 को समाप्त होने वाली तिमाही में भारत की खुदरा ऋण वृद्धि में कमी जारी रही, खास तौर पर न्यू-टू-क्रेडिट (NTC)1 उपभोक्ताओं के बीच। यह NTC उपभोक्ताओं द्वारा शुरू किए गए उपभोग-आधारित ऋण उत्पादों के लिए सबसे अधिक स्पष्ट था, जिसमें ऋण उत्पत्ति में 21% साल-दर-साल (YoY) गिरावट देखी गई, जबकि मौजूदा ऋण वाले उपभोक्ताओं के लिए 2% की गिरावट देखी गई। उपभोग-आधारित उत्पादों को क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण और उपभोक्ता टिकाऊ ऋण के रूप में परिभाषित किया जाता है।

उत्पत्ति नए खोले गए खातों का एक माप है और यह उपभोक्ता मांग और ऋणदाता आपूर्ति दोनों द्वारा संचालित होता है।

उपभोग-आधारित ऋण उत्पादों की उत्पत्ति के लिए ऋणदाताओं के सतर्क दृष्टिकोण ने एनटीसी उधारकर्ताओं को असंगत रूप से प्रभावित किया क्योंकि 40% एनटीसी उधारकर्ता औपचारिक ऋण में अपने पहले प्रयास के रूप में उपभोग-आधारित उत्पादों को चुनते हैं।

ये रुझान इस क्षेत्र में ऋण आपूर्ति का विस्तार करने के लिए केंद्रित ऋणदाता रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं और दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए ट्रांसयूनियन सिबिल क्रेडिट मार्केट इंडिकेटर (CMI)2 रिपोर्ट में कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं।

### 7th Pay Commission से हो जाएगी कर्मचारियों की बल्ले बल्ले

## कर्मचारियों के वेतन में हो सकती है 14,000-19,000 रुपये तक की बढ़ोतरी

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को जब 8वें वेतन आयोग लागू होने के बाद लाभ मिलेगा तो उनकी चांदी हो जाएगी। गोल्डमैन सैक्स द्वारा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में आठवें वेतन आयोग से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 8वें वेतन आयोग के कार्यान्वयन के बाद केंद्र सरकार के कर्मचारियों को प्रति माह 14,000 रुपये से 19,000 रुपये तक वेतन बढ़ोतरी हो सकती है। वित्तीय सेवा फर्म ने अनुमान लगाया है कि वेतन संशोधन से लगभग 50 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 65 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

8वें वेतन आयोग का गठन अप्रैल में होने की उम्मीद है, इसकी सिफारिशें वर्ष 2026 या 2027 तक लागू होने की संभावना है। गोल्डमैन सैक्स ने संभावित वेतन वृद्धि का अनुमान लगाने के लिए विभिन्न बजट आवंटनों का विश्लेषण किया। वर्तमान में, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी का औसत मासिक वेतन कर-पूर्व 1 लाख रुपये है। विभिन्न बजट परिदृश्यों के आधार पर, फर्म ने संभावित वेतन वृद्धि का अनुमान लगायाः

- रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि सरकार 8वें वेतन आयोग के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये आवंटित करती है, जिसमें से आधी राशि वेतन संशोधन के लिए और शेष पेंशन के लिए उपयोग की जाती है, तो औसत वेतन बढ़कर 1,14,600 रुपये प्रति माह हो सकता है।

- 2 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से वेतन बढ़कर 1,16,700 रुपये प्रति माह हो सकता है।

- यदि आवंटन 2.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाता है, तो औसत वेतन बढ़कर 1,18,800 रुपये प्रति माह हो सकता है।

वर्ष 2016 में लागू किए गए सातवें वेतन आयोग की वजह से सरकार को 1.02 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। हालांकि संशोधित वेतन और पेंशन जनवरी 2016 से लागू किए गए थे, लेकिन आधिकारिक तौर पर इन्हें जुलाई 2016 में लागू किया गया, जिसका असर वित्त वर्ष 2016-17 पर पड़ा।

एक बार गठित हो जाने पर, 8वां वेतन आयोग फिटमेंट फैक्टर तथा वेतन और पेंशन संशोधन के अन्य पहलुओं पर निर्णय लेने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत करेगा। कर्मचारी यूनियनों ने संकेत दिया है कि वे 7वें वेतन आयोग के तहत अनुशंसित फिटमेंट फैक्टर के समान 2.57 या उससे अधिक के फिटमेंट फैक्टर की मांग कर सकते हैं।




## रिलायंस फाउंडेशन और यूएन इंडिया सम्मेलन में अर्ली वार्निंग सिस्टम को मजबूत करने पर जोर

### समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और डेटा के उपयोग पर विशेष चर्चा

**जयपुर टाइम्स**

भुज (एजेंसी)। रिलायंस फाउंडेशन और संयुक्त राष्ट्र भारत द्वारा मंगलवार को भुज के स्मृति वन भूकंप संग्रहालय में आयोजित सम्मेलन में



विशेषज्ञों ने आपदा प्रबंधन को मजबूत करने और अर्ली वार्निंग सिस्टम को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। अर्ली वार्निंग एंड अर्ली एक्शन - मल्टी-हैज़र्ड, मल्टी-स्टेकहोल्डर अप्रोच विषय पर हुए इस सम्मेलन में गुजरात सहित विभिन्न राज्यों और वैश्विक दक्षिण के देशों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

गुजरात सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जयंती एस. रवि ने कहा, कच्छ ने कई आपदाओं का सामना किया है, लेकिन यहां के लोगों की संकल्प शक्ति प्रेरणादायक है। हमारा लक्ष्य स्मृति वन को मल्टी-हैज़र्ड प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना है। रिलायंस फाउंडेशन के मुख्य विकास अधिकारी सुदर्शन सुची ने कहा, ÷समुदायों को सशक्त बनाने के लिए हम प्रौद्योगिकी और डेटा का उपयोग कर रहे हैं। रिलायंस की वी केयर नीति हमारी आपदा प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाती है।

गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सीईओ आईएएस अनुपम आनंद ने कहा कि राज्य में प्रभावी समन्वय के कारण आपदाओं में शून्य हताहत सुनिश्चित किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शोंबी शार्प ने कहा, 2050 तक 1.2 अरब लोग आपदाओं के कारण विस्थापित हो सकते हैं। जोखिम सिर्फ प्राकृतिक आपदाओं से नहीं, बल्कि हमारी तैयारी और प्रतिक्रिया से भी जुड़ा है। सम्मेलन में सरकारी एजेंसियों, सिविल सोसायटी संगठनों और संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### डी बीयर्स ग्रुप ने युवा पीढ़ी में कुदरती हीरे की मांग को बढ़ाने के लिए

# लॉन्च किया अपनी तरह का अनूठा 'सेकंड ईयर पियर्सिंग रिचुअल' प्रोग्राम

- ❒ सेकंड ईयर पियर्सिंग रिचुअल (दूसरे कान छेदन अनुष्ठान) के लिए 'लव, फ्रॉम डैड' कलेक्शन के लॉन्च के साथ प्राकृतिक हीरों की चाहत को बढ़ावा देने का प्रयास
- ❒ पिता और बेटी के अनोखे रिश्ते का जश्नः कुछ प्यार इतना प्राकृतिक होता है कि उसे केवल प्राकृतिक हीरा ही दर्शा सकता है।




**जयपुर टाइम्स**

दुनिया की प्रमुख हीरा कंपनी डी बीयर्स ग्रुप, भारत में प्राकृतिक हीरों की मांग को बढ़ाने के लिए एक नए और अनूठे अवसर को प्रस्तुत कर रही है–सेकंड ईयर पियर्सिंग रिचुअल, जो भारतीय संस्कृति और आधुनिक परंपराओं का एक अहम हिस्सा है।इस पहल के तहत, डी बीयर्स ने 'लव, फ्रॉम डैड' कलेक्शन पेश किया है, जो पिता और बेटी के बीच के अनमोल और अविस्मरणीय रिश्ते को दर्शाता है–एक ऐसा रिश्ता जो कुदरती हीरे की तरह दुर्लभ, मूल्यवान और सदाबहार है। इस अवधारणा को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए, डी बीयर्स ग्रुप ने इस साल की शुरुआत में लॉन्च किए गए भारतीय प्राकृतिक हीरा खुदरा विक्रेता गठबंधन (INDRA) के माध्यम से रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (GJEPC) के साथ अपनी साझेदारी में कार्यक्रम को एकीकृत किया है। खुदरा विक्रेता www.indraonline.in पर गठबंधन में भाग लेने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। INDRA के साथ पंजीकरण करने के बाद, खुदरा विक्रेता निम्न कार्य कर सकेंगेः

❒ अपनी ब्रांडिंग के साथ 'लव, फ्रॉम डैड' अभियान के कोलैटरल तक पहुँच और उसे कस्टमाइज़ कर सकेंगे और साथ ही प्राकृतिक हीरों पर वर्चुअल प्रशिक्षण सत्र भी प्राप्त कर सकेंगे।

❒ INDRA के व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से कस्टमाइज़ेशन और पर्सनलाइज़ेशन की सुविधाएँ प्राप्त कर सकते हैं।

डी बीयर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित प्रतीहारी ने कहा, अपने 'लव, फ्रॉम डैड' कलेक्शन के माध्यम से, डी बीयर्स प्राकृतिक हीरों की विशिष्टता और उनके आकर्षण को बढ़ावा दे रहा है। यह पहल न केवल उपभोक्ताओं को प्राकृतिक हीरों से जोड़ती है, बल्कि खुदरा विक्रेताओं को भी त्योहारी सीजन और अन्य अवसरों के दौरान अपनी बिक्री को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है।

सेकंड ईयर पियर्सिंग - बेटी के आत्म-निर्णय का प्रतीकः यह परंपरा बेटियों के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन क्षण को दर्शाती है। पहली बार कान छिदवाने का निर्णय माता-पिता द्वारा लिया जाता है, लेकिन दूसरी बार वह खुद अपनी पसंद से यह निर्णय लेती है, जो उसकी स्वतंत्रता और आत्म-निर्णय का प्रतीक बनता है।

इस महत्वपूर्ण क्षण में, एक पिता अपनी बेटी को स्वतंत्र रूप से अपना भविष्य आकार देते हुए देखता है। उसके लिए यह सिर्फ एक पियर्सिंग नहीं, बल्कि एक ऐसा पल होता है जब वह अपनी बेटी को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनते हुए देखता है।

डी बीयर्स ग्रुप इस अनमोल क्षण को और भी खास बनाने के लिए 'लव, फ्रॉम डैड' अभियान के जरिए प्राकृतिक हीरे को आत्म-निर्णय और पिता-बेटी के रिश्ते का प्रतीक बना रहा है। एक प्राकृतिक हीरा उतना ही मजबूत, अनमोल और शाश्वत होता है, जितना कि पिता-पुत्री का यह रिश्ता।

**भारतीय उपभोक्ताओं के लिए विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म**

भारतीय ग्राहकों को प्राकृतिक हीरों की सुंदरता और सेकंड ईयर पियर्सिंग रिचुअल से जोड़ने के लिए डी बीयर्स ग्रुप ने एक विशेष वेबसाइट www.adiamondisforever.in लॉन्च की है। इस वेबसाइट पर मिलेगा-

प्राकृतिक हीरों की प्रामाणिकता, दुर्लभता और स्थायी मूल्य की जानकारी

सेकंड पियर्सिंग के लिए विशेष रूप से तैयार डायमंड स्टड ईयररिंग्स का क्यूरेटेड कैटलॉग

नजदीकी भागीदार रिटेलर्स को खोजने के लिए स्टोर लोकेटर

'लव, फ्रॉम डैड' अभियान को टीवी, प्रिंट, ह्लह्ला, रेडियो, सोशल मीडिया, इंफ्लुएंसर मार्केटिंग जैसे विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से बड़े स्तर पर लॉन्च किया गया है। यह अभियान त्योहारी सीजन तक जारी रहेगा, जब परिवार और प्रियजनों के लिए उपहार देने का सही समय होता है।

## रामचरण-चन्द्रकांता परवाल ने टीम जय महेश प्रत्याशियों का किया स्वागत




जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** जयपुर में माहेश्वरी समाज के चुनाव सत्र 2025-28 चुनाव का आगाज हो चुका है। यहां टीम रघुकुल से उमेश सोनी व टीम जय महेश से शान्तिलाल जागेटिया अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में हैं। वहीं टीम जय महेश से माहेश्वरी नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद के लिए राहुल जाजू व माहेश्वरी महिला परिषद् अध्यक्ष पद के लिए अनुराधा डागा चुनावी मैदान में खड़ी हैं। मंगलवार की सांय शास्त्री नगर स्थित एक ऑडिटोरियम में टीम जय महेश का माल्यार्पण समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद प्रत्याशी राहुल जाजू,जोन 6 टोंक फाटक चौकड़ी से कार्यकारिणी सदस्य प्रत्याशी सचिन जाजू सहित अन्य प्रत्याशियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान शान्तिलाल जागेटिया, राहुल जाजू, सचिन-अपूर्वा जाजू, रामचरण-चन्द्रकांता परवाल, सुरेश-निर्मला जाजू, गौरीशंकर बाहेती, विधान मारू, कैलाश मीमाणी, सीमा कासट सहित सैकड़ों माहेश्वरी बंधु उपस्थित रहे।

# धौलपुर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन

### प्रगतिशील किसान दुर्ग सिंह की माननीय मुख्यमंत्री से बात

### राज्य सरकार की योजनाओं से जिले के किसानों को मिला सीधा लाभ। गुरुवार को गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन धौलपुर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन भव्य आयोजन नगर परिषद ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने सरकार की कल्याणकारी नीतियों की सराहना की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सम्मेलन के दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों के लिए 137 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) किया और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पॉलीहाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन सहित 12 योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैल से खेती को प्रोत्साहन देने हेतु विशेष योजना की घोषणा की गई। साथ ही, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपये की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी करने, पशुधन स्वास्थ्य हेतु मुफ्त औषधियों एवं टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 करने तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिले के किसान दुर्गसिंह की माननीय मुख्यमंत्री से हुई बात किसान सम्मेलन के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जिले के प्रगतिशील किसान दुर्गसिंह से संवाद किया। इस दौरान किसान दुर्गसिंह ने बताया कि उन्हें सोलर पंप सेट की स्थापना हेतु राज्य सरकार से 88 हजार 50 रूपये तो वहीं केंद्र सरकार से 58 हजार 700 रूपये तथा अनुसूचित जनजाति के लिए अतिरिक्त सब्सिडी के रूप में 45 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है। सोलर पंप सेट की स्थापना से वे अपने खेत पर बिजली हेतु आश्रित नहीं है और न ही बिजली बिल का कोई खर्च है, उन्हें तारबंदी योजना के तहत भी अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने सोलर पंप स्थापना हेतु सरकार की अनुदान योजनाओं के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। जिले के किसानों को योजनाओं का लाभ, आर्थिक संबल की दिशा में अहम कदम इस दौरान धौलपुर के 41 किसानों को मुख्यमंत्री बीज गांव योजना के तहत 2 लाख 28 हजार रुपये, जैविक खेती हेतु 9 किसानों को 2 लाख 71 हजार रूपये, 3 किसानों को वर्मी कंपोस्ट इकाई के लिए प्रति कृषक 50 हजार रुपये की सहायता दी गई। इन योजनाओं से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल सिंह, उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ तनोज चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा नेता डॉ शिवचरण कुशवाह सहित अधिकारीगण एवं भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## आन्दोलन की सूचना को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** राजस्व विभाग को मंत्रालयिक निदेशालय से बाहर रखने एवं राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों के संबंध में आन्दोलन की सूचना को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारी संघ बिजौलियां द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि राजस्व/भूप्रबंध एवं उपनिवेशन विभाग सरकार का एक मुख्य विभाग हैं।जिसमें सरकार को आय प्रदान करने के साथ ही आम जनता एवं किसानों से जुड़े संवेदनशील मामलों के निस्तारण एवं जिलों में सामान्य प्रशासन सहित विभिन्न विभागों से समन्वय एवं मॉनिटरिंग, आपदा प्रबन्धन, निर्वाचन, जनगणना, महामारी नियत्रंण, आम जनता की अत्यावश्यक सेवाओं एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों में सेवाएँ प्रदान की जाती हैं तथा जिलों से विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण फ्लेगशिप योजनाओं की मॉनिटरिंग एवं उनके क्रियान्वयन की प्रभावी कार्यवाही करवाते हुए शासन द्वारा वांछित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता हैं।राजस्व मण्डल सहित जिला कलेक्ट्रेट एवं तहसील तथा उपखण्ड स्तर तक सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं आम जनता से जुड़ी सेवाओं हेतु कार्य करता है तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं रीति से प्रशासनिक नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था संबंधी कार्य किये जाते हैं।

## जल का संरक्षण और सही उपयोग करना हम सभी का कर्तव्यः राजेश शर्मा

### जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने शुरू की ठंडे जल और शर्बत की प्याऊ

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** जल का संरक्षण और सही उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। पानी को व्यर्थ न बहायें। भीषण गर्मी में यही जल लोगों की प्यास बुझाता है। लोगों को गर्मी के मौसम में जगह-जगह निशुल्क प्याऊ लगाना चाहिए, जिससे आमजन प्यास लगने पर आसानी से पानी पी सके। यह बात बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा राजेश शर्मा ने प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय के कार्मिकों द्वारा जिला कलेक्ट्रेट पर मीठे जल की प्याऊ के शुभारंभ पर कही। उन्होंने अपने हाथों से कैलादेवी यात्रियों से लेकर राहगीरों को पानी पिलाया। जिला कलक्टर के निजी सचिव अर्जुन सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को ठंडा व मीठा पानी पिलाने का कार्य अपने आप में अलग महत्व रखता है। इससे बड़ा पुण्य क्या का कार्य क्या हो सकता है कि गरमी के मौसम में यात्रियों व राहगीरों को ठंडा पेयजल मुहैया हो जाए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल अवस्थी ने बताया कि इन दिनों कैलादेवी का मेला चल रहा है तथा धौलपुर से इसी मार्ग से बड़ी संख्या में यात्री कैलादेवी जाते हैं, तो गर्मी को देखते हुए कार्यालय के कार्मिकों द्वारा मेला समाप्ति तक प्रतिदिन यात्रियों व राहगीरों को ठंडा पानी व शर्बत पिलाने का निर्णय लिया है। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी मनोज मरैया, लेखाधिकारी परमानन्द शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी लोकेंद्र सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश वर्मा, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र कुमार, प्रशांत सोनी, प्रशांत श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक मनोज कुमार, अमन यादव, एमआईएस सत्येंद्र सिंह परमार, कानूनी सलाहकार, भरत सिंह गुर्जर व मुन्ना, योगेंद्र, लोंगश्री, नरेश परमार, चोब सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भामाशाह समाजसेवी विजेंद्र मुहाल बने हिंदू युवा वाहिनी डीडवाना कुचामन जिला अध्यक्ष

### रामनवमी के शुभ अवसर पर कुचामन शहर में निकलेगी ऐतिहासिक वाहन रैलीः विजेंद्र मुहाल

जयपुर टाइम्स




**कुचामन सिटी(निसं.)** शहर में बुधवार को डीडवाना रोड पर स्थित प्रसिद्ध डूंगरी के बालाजी मंदिर में हिंदू युवा वाहिनी की एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सर्व समिति से भामाशाह वह समाजसेवी विजेंद्र मुहाल को डीडवाना कुचामन जिला का अध्यक्ष घोषित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल कुलड़िया ने माला व दुपट्टा पहना कर विजेंद्र मुहाल को नियुक्ति पत्र सोपा नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि संगठन ने जो मेरे को दायित्व सोप है इस दायित्व को में जी जान लगाकर इस दायित्व का निर्वाह करता रहूंगा ज्ञात हो विजेंद्र मुहाल इस क्षेत्र में भामाशाह समाज सेवा के अलावा गौ सेवा का कार्य भी करते रहते हैं इसके अलावा समय-समय पर मंदिरों के विकास कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहते हैं अभी हाल ही में केसरिया कंवर जी महाराज के मंदिर व राणासर में स्थित बाबा रामदेव जी के मंदिर में भी इन्होंने विकास कार्य करवाए हैं। विजेंद्र मुहाल ने बताया कि आगामी रामनवमी की जो कुचामन शहर में वाहन रैली निकाली जाती है इस बार वह वाहन रैली ऐतिहासिक वाहन रैली होगी इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल कुल्डिया, तहसील अध्यक्ष रवि भार्गव, जिला महामंत्री अनिल काला, नगर अध्यक्ष रूप सिंह राजपुरोहित, जिला मंत्रीराहुल जैन, गजेंद्र सिंह आनंदपुरा, अर्जुन नायक, ओम प्रकाश नाथ, संगठन मंत्री हरफूल बलारा, दिनेश खोखरिया, तरुण सोनी, अरुण डालूंका, सौरभ गॉड, चंद्र प्रकाश शर्मा ,कुणाल शर्मा, सोनू पारीक, दिलीप राजोरिया, तहसील महामंत्री एडवोकेट हीरालाल गुर्जर, बजरंग लाल जांगिड़, श्रवण राम बिजारणिया,नोरत गोदारा किनसरिया जिला महासचिव यूथ कांग्रेस नागौरबलवीर मुहाल युवा जाट महासभा अध्यक्ष नागौरसुमेंद्र रणवा आनंदपुरा, दिनेश छाबा बुडसु, दिनेश कुचामन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चाकसू विधायक ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू- कोटा नेशनल हाईवे 52 पर चाकसू विधानसभा क्षेत्र में ओवरब्रिज बनवाने को लेकर चाकसू विधायक रामवतार बैरवा ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं ज्ञापन में बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग बहुत व्यस्त रहता है जिस पर गांवों व कस्बों में जाने के कट पर आए दिन हादसे होते रहते हैं वहीं तिराहे/ चोराहों पर ओवरब्रिज नहीं होने के वजह से उन्हें मोड़ से गुजरते वक्त भारी वाहनों तथा तेज गति से आते वाहनों के चलते अत्यधिक सतर्क होकर रोड़ पार करना पड़ता है थोड़ी भी सतर्कता में कमी होने पर सड़क दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष में लगभग 15 से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत भी हो चुकी है तथा कई लोग घायल हो चुके हैं वहीं सड़क सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से तथा जानमाल की हानि ना हो इसके लिए चाकसू विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 52 के निम्नलिखित चाकसू बायपास पर चाकसू का उतरीं प्रवेश द्वार, निमोडिया मोड़ पर, गरुडवासी मोड़ तिराहे / चौराहे को चाकसू बायपास पर क्रॉसिंग करने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण कार्य करवाने जाने की मांग की गई। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने ओवरब्रिज निर्माण कार्य की मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कार्य स्वीकृति का आश्वासन दिया।



## स्पोर्ट्स किट की गुणवत्ता जांच कराने व ग्रांट पूर्व व्यवस्था से जारी करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा जारी टेंडर प्रक्रिया के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए हंसराज साइंटिफिक मेटल वर्क फर्म द्वारा भेजी जा रही स्पोर्ट्स किट की गुणवत्ता को लेकर राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने आपत्ति जताई है। इस संबंध में संघ ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए स्पोर्ट्स किट की जांच कराने और पूर्व की भांति विद्यालयों को सीधे ग्रांट जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् ने इस वित्तीय वर्ष के लिए 22 करोड़ 29 लाख रुपये की खेल सामग्री का टेंडर जारी किया था, जिसके तहत हंसराज साइंटिफिक मेटल वर्क फर्म द्वारा विभिन्न विद्यालयों में खेल सामग्री भेजी जा रही है। शिक्षक संघ का आरोप है कि यह सामग्री न तो गुणवत्ता युक्त है और न ही ब्रांडेड, जिससे खिलाड़ियों के खेल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। संघ ने मांग की कि उक्त सामग्री की जांच करवाई जाए और यदि यह तय मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इसे वापस किया जाए। शिक्षक संघ ने यह भी आग्रह किया कि पूर्व में जिस प्रकार विद्यालयों को सीधे ग्रांट जारी की जाती थी, उसी प्रक्रिया को दोबारा लागू किया जाए। इससे विद्यालयों को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार खेल सामग्री खरीदने की स्वतंत्रता मिलेगी और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे।

## गुरूद्वारा श्री चरण कमल साहिब में गुरमति समागम रविवार को



**नरैना(निसं)।** कस्बे के दूदू रोड़ पर स्थित भव्य गुरूद्वारा श्री चरण कमल साहिब में तीन दिवसीय गुरमति समागम का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह दस बजे श्री अखण्ड पाठ साहिब के साथ शुरू होगा। रविवार को सुबह नौ बजे भोग श्री अखण्ड पाठ साहिब शुरू होगा। दिन में पंथ प्रसिद्ध रागी जत्थे गुरु का यशगान कर निहाल करेंगे। सांय चार बजे धार्मिक दीवान सजाया जायेगा। रविवार को दिन भर गुरु का अटूट लंगर बरताया जायेगा। गुरमति समागम में जयपुर, दूदू, अजमेर, किशनगढ़, ब्यावर, अलवर सहित अन्य जगहों से हजारों श्रद्धालु आयेंगे। यह जानकारी जथेदार बलविंद्र सिंह ने दी।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक- 1735-1740 दिनांक- 18/03/2025

**निविदा सूचना संख्या- 16/2024-25 खण्ड तारानगर**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरू में वाहन किराये पर लेने हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2425A4750 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB17135 | 2 | PWD2425SSOB17136 |

DIPR/C/4333/2025

(विजय प्रताप कस्वां)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि.खण्ड तारानगर



**कार्यालय- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email:-, msdbhchuru@gmail.com Phone- 01562-250333
क्रमांक- लेखा /निविदा/2025/1766 दिनांकः-1813125

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा-तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने / निविदा खोलनें की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस/समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखनें /डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | आरोग्य ऑन-लाईन पंजीयन पर्ची छपाई कार्य हेतु | MHS2425GSRC05517 |
| 2 | स्टेशनरी आईटम्स क्रय हेतु | MHS2425GSRC05523 |
| 3 | नेत्र विभाग में दवाई/कंज्युमेबल आईटम्स क्रय हेतु | MHS2425GSRC05522 |

DIPR/C/4028/2025

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू


## कुचामन पुलिस की बड़ी कार्रवाई आईपीएल मैच में सट्टा लगाते तीन सटोरियों को किया गिरफ्तार

### लाखों के लेनदेन का हिसाब बरामद पुलिस ने जप्त किए लैपटॉप व मोबाइल फोन

### एडिशनल एसपी नेमीचंद खारिया के मार्गदर्शन में कारवाई

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निसं.)।** कुचामन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैच पर सट्टेबाजी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है,मुखबिर से सूचना मिलने के बाद कुचामन एडिशनल एसपी नेमीचन्द खारिया के मार्गदर्शन में थानाधिकारी सतपाल सिंह ने अपनी टीम के साथ शहर की जैन कॉलोनी में जगदीश प्रसाद मांधनिया के घर पर दबिश कि। जहां से पंजाब और गुजरात के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच में सट्टा लगा रहे तीन सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.उनके कब्जे से लाखों रुपये का हिसाब-किताब, 14मोबाइल और एक लैपटॉप,एक रिकॉर्डर समेत अन्य संसाधन जब्त किए हैं। थाना प्रभारी सतपाल सिहाग ने बताया कि डीडवाना कुचामन जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देशानुसार आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए तीन लोगों जगदीश प्रसाद माँधनिया,जितेन्द्र मिश्रा व घनश्याम अग्रवाल को मौके से गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार किए गए तीनो आरोपी कुचामन सिटी निवासी है। थानाधिकारी सतपाल सिंह ने बताया की सटोरियों ने पुलिस से बचने के लिए नया तरीका लगाया था।और वे सट्टेबाजी के दौरान काम में लिए जा रहे मोबाइल फोन बिना सिम के ही ब्रॉडबैंड इंटरनेट के जरिए संचालित कर रहे थे।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचंद खारिया ने बताया की आईपीएल के आगाज के साथ ही शहर में सट्टेबाज सक्रिय होने की सूचना मिली थी और सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करने के लिए योजना बना ली थी.उन्होंने बताया की गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में और कई लोगों के नाम सामने आए है।पुलिस द्वारा आगे की जांच शुरू कर दी हे ।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक- 5096-5117 दिनांक- 21/03/2025

**निविदा सूचना संख्या- 26/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है ।
NIB No. - PWD2425A4796

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB17296 | 2 | PWD2425WSOB17297 |
| 3 | PWD2425WSOB17298 | | |

DIPR/C/4315/2025

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
27 मार्च, 2025

## एकल गायन प्रतियोगिता, झुंझुनू की वंशिका बारहठ प्रथम स्थान पर



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** सुगनी देवी कस्वां स्मृति मंच हेतमसर व राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर के संयुक्त के तत्वाधान में हेतमसर स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओ की जिला स्तरीय एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सुर सम्राट गायिका लता मंगेशकर के गाए गीतो पर आधारित की गई। प्रतियोगिता में जिले की 20 राजकीय और निजी महाविद्यालयों की 30 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सुनीता बेनीवाल ने बताया कि सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाल राजकीय महिला महाविद्यालय झुंझुनू की छात्रा वंशिका बारहठ प्रथम, इन्द्रमणी मंडेलिया महाविद्यालय की प्रतिभागी कोमल चौहान द्वितीय, राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर की छात्रा दिवांशी तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रही प्रतिभागियो को 5 हजार, 3 हजार, 2 हजार के नगद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। वही कार्यक्रम के आयोजन सचिव सुभाष चंद्र कस्वां ने सभी प्रतिभागियो को 2 दो सौ रुपए नकद, प्रतीक चिन्ह और सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में जानवी शर्मा ने हासिल की ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा की छात्रा जानवी शर्मा ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए सिल्वर जोन इंटरनेशनल ओलंपियाड के गणित विषय में ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 25,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। विद्यालय के कुल 13 विद्यार्थियों ने इस ओलंपियाड के दूसरे चरण के लिए क्वालीफाई किया था, जिनमें से खुशी शर्मा ने ऑल इंडिया 28 वीं रैंक और पायल ने ऑल इंडिया 53 वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने जानवी शर्मा पुत्री सुरेन्द्र शर्मा, वाहिदपुरा को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने कहा कि यह सफलता विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में गोविंद सोनी, गौतम कालोया, दिलीप कुड़ी, संजू स्वामी, प्रीती जोशी सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इन होनहार विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

## रमजान में जकात और फितरा का महत्व



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा के इमाम मौलानों ने जकात और फितरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रमजान में रोजा रखना, नमाज अदा करना और कुरआन पढ़ने के साथ जकात और फितरा देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मौलाना ने स्पष्ट किया कि जकात इस्लाम धर्म के पांच मूल स्तंभों में से एक है। रमजान के पवित्र महीने में ईद की नमाज से पहले फितरा और जकात देना प्रत्येक सक्षम मुसलमान का धार्मिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि जकात देने के लिए पात्रता का एक मापदंड है। यदि कोई मुसलमान अपने खर्चों को पूरा करने के बाद भी दूसरों की मदद करने की स्थिति में है, तो वह जकात देने का पात्र माना जाता है। रमजान के दौरान यह दान दो रूपों में दिया जाता है - फितरा और जकात।

## चांद कंवर को जिला प्रमुख ने किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजस्थान दिवस समारोह इस वर्ष नए और भव्य अंदाज में मनाया जा रहा है। पहली बार इसे पारंपरिक तिथि के बजाय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन मनाया जा रहा है। सोलर दीदी योजना के अंतर्गत जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी की ओर से लकी इंटरप्राइजेज सोलर परिवार की चांद कंवर धर्मपत्नी सुबेदार महेंद्र सिंह तिहावली को इंडक्शन कुकटॉप देकर मंडावा से एक मात्र महिला को सम्मानित किया गया। चाँद कवर नै बताया की मंडावा में लकी इंटरप्राइजेज सोलर की सर्विस बहुत ही अच्छी है। लकी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर दलीप सिंह वाहिदपुरा ने चाँद कवर को बधाई दी। इस समारोह में जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी भाजपा परवक्ता कमलकांत शर्मा मौजूद रहे।

# राजकीय अवकाश के दिन में संचालित होंगे उप पंजीयक कार्यालय

### आगामी शनिवार, रविवार और 31 मार्च को अवकाश के दिन भी होगी रजिस्ट्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति के अंतिम सप्ताह में लगातार तीन दिन राजकीय अवकाश होने के बावजूद पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के सभी कार्यालय कार्य दिवसों की भांति यथावत खुले रहेगें। शनिवार, रविवार एवं 31 मार्च को राजकीय अवकाश के दिन भी प्रदेश में सभी उपपंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। कलक्टर (मुद्रांक) एवं उप महानिरीक्षक पंजीयन जयपुर डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग लगातार प्रयास कर रहा है इसी कवायद के तहत शनिवार, रविवार एवं 31 मार्च के राजकीय अवकाश को भी सभी उप पंजीयक कार्यालयों को खुला रखा जावेंगा जहां कार्य दिवसों की भांति सभी प्रकार के दस्तावेजों को पंजीबद्ध करवाया जा सकेंगा। उल्लेखनीय है कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत 20 से अधिक दस्तावेज पंजीकृत कराने पर मौके पर ही निजी बिल्डर, कॉलोनाइजर या डेवलपर द्वारा एक ही दिन में उसके यहां सुविधा के लिए ऑनसाइट कैम्प आयोजित किये जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका लाभ उठाना चाहिए। इस संबंध में पिछले सप्ताह जयपुर जिले के बिल्डर्स, कॉलोनाइजर्स एवं डवलपर के साथ-साथ स्टाम्प वेन्डर्स की भी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई थी जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बजट घोषणा की क्रियान्विति के लिए एक नई पहल की गई है जिसके तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक उप पंजीयक कार्यालय प्रातः 8 बजे से सायं. 8 बजे तक खोला जायेगा। इसकी शुरुआत शुक्रवार 28 मार्च से की जा रही है। इसके तहत जयपुर कलेक्ट्रेट स्थित उप पंजीयक कार्यालय जयपुर द्वितीय शुक्रवार 28 मार्च को प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा फलस्वरूप आम जनता को रजिस्ट्री इत्यादि करवाने के लिए छुट्टी लेने की आवश्यकता नहीं होगी। गौरतलब है कि राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के उद्देश्य से विभाग के विभागाध्यक्ष महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक आशीष गुप्ता के साथ-साथ जयपुर संभागीय आयुक्त डॉ0 पूनम तथा जिला कलक्टर डॉ0 जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा विभाग की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। विभाग द्वारा आमजन की सुविधाओं को ध्यान रखने के साथ-साथ राज्य सरकार के राजस्व अर्जन लक्ष्यों को पूरा करने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

### मंद पड़ी ब्लैकमेलिंग की ज्योति की धार, रुपए हड़पते रंगे हाथों गिरफ्तार

# एडवोकेट के साथ ब्लैकमेलिंग कर रुपए हड़पने वाली महिला वकील ज्योति गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वकील को ब्लैकमेलिंग करने के दर्ज मुकदमे में बुधवार की दोपहर गढ़ के आगे से 34 वर्षीय महिला वकील को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीआई दिलीपसिंह ने बताया कि मंगलवार की देर रात अभिभाषक संघ के एक सदस्य ने महिला वकील की ओर से उसे पिछले पांच वर्षों से ब्लैकमेलिंग करके रुपए हड़पने और वर्तमान में 9 लाख तीन हजार रुपए की डिमांड करने व रुपए नहीं देने पर ज्यादती के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी । जैसे ही बुधवार दोपहर को महिला वकील ज्योति पत्नी गोपाल शर्मा निवासी मंडावा का फोन जब वकील के पास रुपए मांगने के लिए आया, तो वकील ने कहा कि इतनी बड़ी रकम उसके पास नहीं है। वह उक्त रकम टुकड़ों में देगा। इसी के चलते वह 60 हजार रुपए देने के लिए ज्योति के पास पहुंचा, तो पुलिस ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सीआई ने बताया कि ज्योति के मुकदमों की 2014 से पीड़ित वकील पैरवी कर रहा था और इसी दौरान दोनों संपर्क में आए और इसी का नाजायज फायदा उठाते हुए ज्योति उक्त वकील को पिछले पांच वर्षों से ब्लैकमेलिंग करते हुए साढ़े पांच लाख रुपए अपने बच्चों के भरण-पोषण और पारिवारिक आवश्यकता बताते हुए रुपए ले लिए। जब पीड़ित वकील ने ज्योति को दिए गए रुपयों का तकादा किया, तो वह उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी और 9 लाख तीन हजार रुपए की और डिमांड करने लगी। एक साथ इतने रुपयों की व्यवस्था नहीं होने पर पीड़ित वकील ने किश्तों में रुपए देने की बात कही। मानसिक रूप से परेशान होने के बाद आखिरकार वकील ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया। इस पर पुलिस ने एडवोकेट ज्योति को 60 हजार रुपयों के साथ बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान गढ़ के आगे लोगों की भीड़ लग गई।

# प्रागपुरा में मिल्क पाउडर-वनस्पति से बना रहे हैं मावा

### 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने की बड़ी कार्यवाही, करीब 715 किलो मावा करवाया नष्ट

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निसं.)।** खाद्य पदार्थों में मिलावट थमने का नाम नहीं ले रही। बेखौफ मिलावटखोर सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। मिलावट रोकने के लिए 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली बहरोड़ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बुधवार सुबह प्रागपुरा कस्बे के ढाणी बडीयाला की में हिमांशु मावा एंड मिष्ठान भंडार व ग्राम मंढा में उनके कारखाने पर बड़ी कार्वाई की है। जहां मिल्क पाउडर व वनस्पति तेल से मावा बनाया जा रहा था। मौके पर ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मिलावटी मावा मौके पर ही नष्ट करवाया। सीएमएचओ आशीष सिंह ने बताया कि मिलावटी मावा, दूध, वनस्पति का एक-एक नमूना लिया है। अग्रिम आदेश तक मावा बनाने पर पाबंदी लगाई। जानकारी के अनुसार शाम 4 बजे प्रशासन के आदेशों पर पुलिस ने सील सहित ताले को तोड़कर गेट खुलवाया। जहां निरीक्षण के दौरान प्रागपुरा कस्बे के ढाणी बडीयाला की में हिमांशु मावा एंड मिष्ठान भंडार के मालिक दाताराम सैनी के 175 किलो स्कीमड मिल्क पाउडर , 30 खाली पीपे वनस्पति के, तीन कैनो में करीब 35 किलो वनस्पति, 40 किलो मावा ज्यों कि मिलावटी दूध से तैयार किया हुआ वह ग्राम मंढा स्थित फैक्ट्री पर मिलावटी दूध से तैयार किया हुआ कोल्ड स्टोरेज में 20-20 किलो के पैकेट व एक थाल में करीब 70 किलो व एक थाल में 5 किलो मावा मावा टोटल करीब 675 किलो मावा मिला। जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली बहरोड़ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, बीसीएमएचओ कृष्ण सिंह, प्रागपुरा थाना पुलिस, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा, नेहा शर्मा की मौजूदगी में नष्ट करवाया गया।

## श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री प्रहलाद राय टांक का स्वागत

**कोटपूतली(निसं.)** श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री प्रहलाद राय टांक का बुधवार को जयपुर से दिल्ली जाते समय कोटपूतली आगमन पर पूतली कट पर उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री प्रहलाद राय टांक ने मिट्टी कला से जुड़े कामगारों की समस्यायें सुनी। उन्होंने भरोसा दिया कि जल्द ही कोटपूतली-बहरोड़ जिले की लॉटरी बोर्ड द्वारा निकाली जायेगी। चयनित 20 कामगारों को श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चाक व मिट्टी घुथने की मशीन प्रशिक्षण के बाद वितरित की जायेगी। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति पूतली व वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल प्रजापत ने माटी की समस्या व धुंए की समस्या के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल प्रजापत, श्योराम प्रजापत, कैलाश टेलर, सोणाराम प्रजापत, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति, हरदान प्रजापत, पूर्ण प्रजापत, फूलचंद कुम्हार, राजू कुम्हार, शीशराम कुमावत, मुकेश सैन, शैतान प्रजापत, राजेंद्र प्रजापत, राजू प्रजापत आदि मौजूद रहे।

# कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय हुआ स्थानान्तरित

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** लम्बे समय से चल रही कवायद के बाद आखिरकार कस्बे के मुख्य चौराहा स्थित नगर परिषद भवन में संचालित कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय को कस्बे के सराय मौहल्ला स्थित पूराने गर्ल्स कॉलेज के भवन में बुधवार को स्थानान्तरित कर दिया गया। इस मौके पर बुधवार अल सुबह करीब 08 बजे नवीन जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने विधि विधान से हवन यज्ञ व पूजन अर्चन के बाद नये भवन का उद्घाटन किया। दोनों ही अधिकारियों ने अपने-अपने चैम्बर्स में कार्यभार सम्भालते हुये कामकाज का आगाज भी किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि नवीन जिला स्थापना के समय वैकल्पिक भवनों में कलेक्ट्रेट समेत अन्य कार्यालयों का संचालन किया जा रहा था। नगर परिषद भवन में कार्यालय तीसरी मंजिल पर होने व जगह सीमित होने के चलते स्टॉफ सदस्यों के साथ-साथ आमजन व पक्षकारों को भी भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। अब नवीन भवन में जिला कलेक्ट्रेट शिफ्ट हो जाने से आमजन को काफी सुविधा होगी। जिले में मिनी सचिवालय का निर्माण होने तक जिला कलेक्ट्रेट के सभी कार्य यही से सुचारू होगें। आमजन अपनी सुविधा अनुसार आसानी से अपने कार्य करवा सकेगें। नवीन भवन में आमजन के बैठने के लिये उचित व्यवस्था के साथ-साथ पार्किंग समेत अन्य सुविधाओं का भी विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने कहा कि पूराने भवन की मरम्मत करवाकर सभी सुविधायें एवं व्यवस्थायें सुचारू की गई है। इस मौके पर कलक्टर अग्रवाल व एडीएम सहारण ने विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण कर समस्त कार्यो के निर्बाध व सुचारू संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थायें हो चुकी है। जो व्यवस्थायें लम्बित है उन्हें भी शीघ्र पुरा कर दिया जायेगा। इस दौरान जिला कलेक्ट्रेट व नगर परिषद कार्मिकों समेत जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दिन भर कलेक्ट्रेट कार्यालय का स्टॉफ इस कवायद में जुटा रहा, नगर परिषद भवन में संचालित कार्यालय से काफी मात्रा में फर्नीचर, फाईलों, कम्प्यूटर आदि समेत अन्य सामान को नये भवन में लाया गया। वहीं काफी मात्रा में नया फर्नीचर भी नये भवन के लिये खरीदा गया है। जिला प्रशासन द्वारा लम्बे समय से इस भवन में जिला कलेक्ट्रेट को शिफ्ट करने की कवायद चल रही थी। राज्य सरकार ने खेतड़ी रियासत काल के इस हैरीटेज भवन की 60 लाख रूपयों की लागत से मरम्मत करवाई गई है। इसके सामने नगर परिषद का एक बड़ा पार्क भी है। साथ ही पार्किंग की भी उचित व्यवस्था है। भवन की मरम्मत के बाद विगत दो माह में नगर परिषद व पीडब्ल्यूडी की टीम द्वारा पुन साफ-सफाई, साज सज्जा के साथ रंग रोगन का कार्य भी करवाया गया। जिला कलक्टर का कार्यालय भवन के ठीक पीछे एक बड़े हॉल में बनाया गया है।

## राकेश यादव समाज सेवा विकास ट्रस्ट के पुन राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** समाज सेवा में प्रयासरत यादव समाज सेवा विकास ट्रस्ट के सभी कारोबारी सदस्यों द्वारा अहमदाबाद में बैठक आयोजित कर यादव समाज सेवा विकास ट्रस्ट (समग्र भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में राकेश यादव को सर्वसम्मति से पुन राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि ट्रस्ट संस्थापक मनोज कुमार आर अहीर व अन्य कारोबारी सदस्यों व पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यसमिति की नियमित प्रक्रिया अनुसार ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लोकतांत्रिक व्यवस्था अनुसार चयन के लिए चुनाव में खड़े हुए हितेंद्र अहीर व हरिराम यादव ने सहमति प्रदान करते हुये चुनावी प्रक्रिया नहीं अपनाकर सभी कारोबारी सदस्यों के बीच अपनी उम्मीदवारी वापस लेते हुए वर्तमान अध्यक्ष राकेश यादव को ही पुन सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष

## अवैध स्मैक सहित दो गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** झालावाड़ जिले की असनावर पुलिस ने सुजानगढ़ के दो युवकों को नशीला पदार्थ बरामद कर गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थानाधिकारी मोहनचंद की टीम की ओर से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते हुए 11.42 ग्राम स्मैक के साथ सुजानगढ़ निवासी विकास पुत्र सुनील सोलंकी, निवासी प्रगति नगर सुजानगढ़, गौरव पुत्र पवन कुमार, निवासी नाथोतालाब के पास सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

## कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मजिस्ट्रेट व कलक्टर अभिषेक सुराणा ने 28 मार्च को जुमातुलविदा, 30 मार्च को चेटीचण्ड व हिन्दू नववर्ष, 31 मार्च को ईदुलफितर (चांद से) और अप्रैल माह में 06 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती, 12 अप्रैल को हनुमान जयंती, 13 अप्रैल को वैशाखी, 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर जयंती, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 29 अप्रैल को परशुराम जयंती आदि पर्वों पर जिले के विभिन्न कस्बों व क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। आदेश के अनुसार चूरू एडीएम को चूरू, राजगढ़, सिद्धमुख, तारानगर, भानीपुरा व सरदारशहर के लिए और सुजानगढ़ एडीएम को सुजानगढ़, रतनगढ़, राजलदेसर व बीदासर के लिए समग्र प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा चूरू, राजगढ़, तारानगर, रतनगढ़, बीदासर,सुजानगढ़ व सरदारशहर एसडीएम को उनसे संबंधित संपूर्ण उपखंड क्षेत्र के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। चूरू तहसीलदार को रतननगर, राजगढ़ तहसीलदार को राजगढ़, सिद्धमुख तहसीलदार को सिद्धमुख, तारानगर तहसीलदार को साहवा, राजलदेसर तहसीलदार को राजलदेसर, सरदारशहर तहसीलदार को सरदाशहर, सुजानगढ़ तहसीलदार को सालासर, बीदासर तहसीलदार को छापर व भानीपुरा तहसीलदार को भानीपुरा कस्बों के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को पर्व / त्यौहार के सफल आयोजन को लेकर समुचित निर्देश दिए हैं। इसी के साथ उन्होंने सभी अधिकारियों को कानून व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री नहीं प्रचारित होने की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन

### किसानों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति कार्यालय के सभागार में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वी.सी. के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम से जिला कोटपूतली-बहरोड़ भी वर्चुअल जुड़ा रहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा पाईपलाईन एवं फार्मपोंड पर अनुदान सहायता का सांकेतिक चेक लाभार्थियों को दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम बृजेश कुमार, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक महेंद्र जैन, उप निदेशक आईसीडीएस सतपाल यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजस्थान स्थापना दिवस समारोहः ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह का आयोजन गुरूवार को

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय "अन्त्योदय कल्याण समारोह" का आयोजन गुरूवार 27 मार्च 2025 को पंचायत समिति कार्यालय कोटपूतली के सभागार में प्रात 11.30 बजे से किया जायेगा। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग, श्रम विभाग, पंचायती राज विभाग, डेयरी/स्वायत्त शासन विभाग, उधोग विभाग, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं की मार्गदर्शिका का विमोचन, पट्टा वितरण, उपकरण वितरण, डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में राशि का हस्तांतरण एवं फ्लेटो के आंवटियों को चाबी वितरण, दिव्यांगजनों को डिवाईस वितरण किये जायेगें। साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री द्वारा वी.सी सेटअप के माध्यम से संवाद भी किया जायेगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु एसीईओ को नोडल अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद को सह नोडल नियुक्त किया है। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक कार्य करेंगे और उनके अन्य विभागों से समन्वय कर सम्पूर्ण सभी व्यवस्थाऐं पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## नानगराम सैन जयंती अध्यक्ष नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान (रजि.) समिति की बैठक बुधवार को श्री सैन मंदिर पूतली में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से नानगराम सैन कोटपूतली को सैन जयंती अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष नानगराम ने कहा की समाज उत्थान के लिये भरसक प्रयास किये जायेगें। समाज हित में अनेक कार्य होगें एवं समाज को आगे बढ़ाने का हरसम्भव प्रयास करेगें। उन्हें परगना प्रधान रामकिशन, पूर्व प्रधान छीतरमल, समिति अध्यक्ष नेतराम रामपुरा, उप प्रधान संजय सैन खेडक़ी, वित्तीय सलाहकार बनवारी लाल सैन, विक्रम सैन पवाना समेत अन्य ने बधाई दी। यह जानकारी कैलाश चंद्र सैन ने दी।

## जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** पवित्र एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा दिवस की खुशी में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल सिरसा में एक विशाल जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आस-पास के हजारों मरीजों ने शामिल होकर इसका फायदा उठाया। शिविर में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों से पहुंचे विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। चिकित्सकों व शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का नारा व अरदास का शब्द बोलकर शिविर का शुभारंभ किया। मरीजों को निशुल्क दवाईयाँ दी गई। शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल स्थित पूज्य बापू मग्घर सिंह जी इंटरनेशनल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। जिसमें डेरा अनुयायियों की ओर से रक्तदान कर पावन भंडारे की खुशियां मनाई गई।

## ध्रुव पूनिया को राज्यपाल ने दी पीएचडी की उपाधि



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गांधी नगर के रमेश पूनिया के पुत्र ध्रुव पूनिया को सामाजिक विज्ञान संकाय में कृषि आधुनीकिकरण व बढती उत्पादकता का विशेष अध्ययन शीर्षक पर शोध प्रबंध करने पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी भूगोल की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर महाराजा गंगा सिंह बीकानेर में नवम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाउ बागड़े व कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित की ओर से ध्रूव पूनिया को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि नेट, जेआरएफ करने के पश्चात लोहिया कॉलेज के भूगोल विभाग के हैड डॉ. एमएम शेख के सानिध्य में कृषि आधुनिकीकरण व बढती उत्पादकता का विशेष अध्ययन शीर्षक पर ध्रुव पूनिया ने शोध किया।

## 1 किलो 410 ग्राम अवैध अफीम जब्त, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** उपखंड की भानीपुरा पुलिस की ओर से अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक किलो 410 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में चलाए गए अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल, डीवाईएसपी रामेश्वर लाल के सुपरविजन में बुधवार को भानीपुरा थाना अधिकारी रायसिंह पुलिस टीम की ओर से मेगा हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान भानीपुरा थाने के पास बादड़िया फांटा से राकेश कुमार पुत्र जगदीश चंद्र शर्मा उम्र 44 साल निवासी जैन मोहल्ला जिला राजसमन्द को गिरफ्तार कर एक किलो 410 ग्राम अवैध अफीम को जप्त किया गया। जप्त अफीम के अनुमानित कीमत 70 लाख रुपए बताई जा रही है। अवैध मादक पदार्थ के विशेष अभियान में भानीपुरा थाना अधिकारी राय सिंह, हेड कांस्टेबल रामचंद्र, महेश चंद्र, कांस्टेबल धर्मपाल, धर्मेंद्र कुमार, मनीष कुमार, अनिल कुमार, पवन कुमार, पुलिस थाना गाड़ी चालक मनदीप की विशेष भूमिका रही है।

## स्वर्णकार को किया सरदारशहर में सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** समाजसेवी श्याम स्वर्णकार को सरदारशहर में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है। चूरू के रत्न सम्मान समारोह कार्यक्रम में श्याम स्वर्णकार को मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, पदम भूषण देवेंद्र झाझड़िया, जिला प्रमुख वंदना आर्य, लक्ष्मीनारायण पुजारी, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, सभापति नीलोफर गौरी, सरदारशहर सभापति राजकरण चौधरी, जयेन्द्र सिंह शेखावत और अन्य अतिथियों ने स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया।

## तीन आरोपियों को भेजा जेल

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** इन्द्रगिरी आश्रम रोड़ पर 7 मार्च को धीरू पुत्र भागीरथ राम जाट के साथ लोहे के पाईप व सरियों से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच कर रहे हैड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ ने बताया कि आरोपी बनवारी खीचड़, बाबूलाल खीचड़ व मांगीलाल गुलेरिया को गिरफ्तार किया गया है। हैड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ ने बताया कि आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त लोहे के पाईप बरामद किए गए हैं। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# किसानों की समृद्धि से ही देश-प्रदेश की खुशहाली: सहारण

### राजस्थान दिवस के उपलक्ष में किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में बुधवार को किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश स्तर पर बीकानेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा रहा। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अतिथि उपस्थित रहे। आत्मा उपनिदेशक राजकुमार कुलहरि, उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, कॉपरेटिव डीआर सुनील मांडिया, पशुपालन संयुक्त निदेशक मदनलाल गहनोलिया, सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल शर्मा, कृषि अनुसंधान अधिकारी कविता बुडानिया, कृषि अधिकारी पूनम व रामामवतार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि किसानों की समृद्धि से ही देश-प्रदेश की खुशहाली है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की राज्य सरकार किसानों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाओं का संचालन कर रही है। राज्य सरकार की ओर से कृषि उपकरणों पर सब्सिडी, जल संरक्षण, फसल बीमा सहित कृषक हितार्थी योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषकों को समृद्ध बनाने के लिए सशक्त प्रयास कर रहे हैं। किसान जागरूक होकर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। किसान को संबल मिलने से समाज का सामाजिक व आर्थिक ढांचा सुदृढ़ होगा और एक सक्षम व विकसित समाज का निर्माण होगा। इस दौरान सुरेश सारस्वत, सीपी शर्मा, सीताराम लुगरिया, एसीपी नरेश टुहानिया, बजरंग कस्वां, सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। संचालन प्रभुदयाल सैनी ने किया।

### किसानों को किया चेक वितरण

जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने परमेश्वरी देवी, मांगू सिंह, मनीराम, ओमप्रकाश, विद्याधर, नानूराम, सहीराम, चुन्नीलाल, रणवीर सिंह आदि जिला स्तर के प्रगतिशील किसानों, प्याज भंडारण के लिए संदीप, ग्रीन हाउस के लिए पृथ्वीसिंह, सोलर पंप संयत्र के लिए श्योकरण, फव्वारा संयत्र के लिए मनीराम, पीएम किसान योजनांतर्गत मनीराम, दौलतराम, फरियाद खान, बलबीर, बजरंग तथा उष्ट्र संरक्षण योजना अंतर्गत जितेन्द्र सिंह को चेक वितरित किए।

### किसानों को दिन में बिजली देने का काम करेंगे- शर्मा

बीकानेर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषक कल्याण के प्रतिबद्ध है। हम किसानों को दिन में बिजली देने का काम करेंगे। किसानों की समस्याओं के निस्तारण व उनके संसाधनों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एफपीओ के माध्यम से आज किसानों को उनकी उपज के बेहतरीन दाम मिल रहे हैं। उपखंड अधिकारियों को गांव -गांव में किसानों व आमजन की समस्याएं सुनने के लिए कैंप लगाने के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी के साथ अभूतपूर्व निर्णयों से सरकार किसानों को आगे बढ़ा रही है।

## युवतियां घर-घर निकाल रही गणगौर माता की बिंदोरी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में गणगौर पर्व को लेकर सरदारशहर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। शहर के वार्ड 16 में नवविवाहिताएं और युवतियां पूरी श्रद्धा के साथ गणगौर पूजन में जुटी हुई है। होली के दूसरे दिन से 31 मार्च तक 18 दिन तक चलने वाले इस पर्व में दिन में दो समय गणगौर की पूजा की जा रही है और घर-घर जाकर गणगौर की बिंदोरी निकाली जा रही है। शहर के वार्ड 16 में नवविवाहिता हिमानी चौधरी, प्रीति जांगिड़ अपनी सहेलियों के साथ मिलकर अपने पीहर में गणगौर पूजन कर रही है। बुधवार को घर घर जाकर गणगौर की बिंदोरी निकाली गई और गणगौर की पूजा के बाद सुहाग की निशानी कांच की चूड़ियां, महावर, सिंदूर, मेहंदी, रोली, टीका, बिंदी, काजल, लाल चुनरी, प्रसाद आदि गणगौर माता को चढ़ाया गया। बिंदोरी के बाद लोकगीतों पर नृत्य किया गया। नव विवाहिताओं की ओर से गणगौर का अंजूणा किया जाएगा। जिसमें मातृ शक्तियों को आदर के साथ सुहाग श्रृंगार की वस्तुएं भेंटकर भोजन करवाया जाएगा। इस दौरान पूनम राजपूत ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाते इस त्यौहार को उत्साह के साथ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि गणगौर व ईशर को शिव पार्वती के रूप में पूजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवविवाहिताएं अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना को लेकर गणगौर पूजन कर रही है और कुंवारी कन्याएं अच्छा वर पाने के लिए गणगौर का पूजन कर रही है। इस अवसर पर हिमानी चौधरी, विनीता शर्मा, प्रीति जांगिड़, नीलम जांगिड़, पूनम राजपूत, ममता प्रजापत, मीनू राजपूत, खुशबू प्रजापत, संतोष राजपूत, सुहानी चौधरी, पूजा जांगिड़, कामना जांगिड़, विशाखा, नंदिनी, पिंटू जांगिड़, सवेरा शर्मा, रितु शर्मा, पूजा शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवतियां और महिलाएं उपस्थित रही।

## रोजा इफ्तार की दी दावत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती मदीना मस्जिद भांगीवाद में रमेश राव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि की तरफ से रोजा इफ्तारी का प्रोग्राम रखा गया। रोजेदारों ने रब की बारगाह में हाथ उठाकर देश मे अमन चैन की दुआ की। इफ्तारी में लोढसर सरपंच कन्हैयालाल शर्मा, मोहन सिंह प्रजापत, भागीरथ राव, परमेश्वरलाल मेघवाल, पालाराम शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर नारेबाजी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिले की मांग को लेकर 1157 दिनों से जनहित संघष मोर्चा का धरना अनिश्चितकाल के लिए जारी है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय से लेकर एडीएम कार्यालय तक रैली निकाली। रैली के दौरान नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया गया। प्रदर्शन करते सभी लोग एडीएम ऑफिस पहुंचे, लेकिन वहां एडीएम के कार्यालय में मौजूद नहीं मिलने के कारण करीब आधे घंटे तक प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते रहे। आखिरकार एडीएम मंगलाराम पूनिया कार्यालय पहुंचे और फिर प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ को जिला बनाये जाने की मांग की। मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने बताया कि सरकार ने जिस प्रकार से जन भावनाओं को दरकिनार करते हुए हमारा जिला वापस खारिज किया है, इससे जनता में आक्रोश है। मेघवाल ने बताया कि सरकार का जब भी कोई मंत्री या नुमाईंया सुजानगढ़ में आयेगा, तो प्रदर्शनकारी उसका विरोध करते हुए जिले की मांग को बुलंद करेंगे। प्रदर्शन के दौरान तेजपाल गोदारा, पवन भोजक, रामनारायण रुलानिया, सिराज खान, बुधाराम गुलेरिया, मोहनलाल मेघवाल, पीथाराम ज्याणी, गंगाधर मुंड, पूनमचंद मेघवाल, किशनलाल छरंग, साबिर अली, खड़गदास स्वामी, जितेंद्र भार्गव, राजेंद्र बेदी, सोहिल गोपालपुरिया, जगदेव बेड़ा, गजानंद प्रजापत, विक्रम रुलानिया, जगदीश झिकनाडिया, बशीर खां फौजी, महबूब बडगुर्जर, कॉमरेड जगदीश नाथ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कुलदीप ने किया फेस्टिवल का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एन के लोहिया स्टेडियम में सुजानगढ़ फेस्टिवल का भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर पूर्व उप सभापति बाबूलाल कुलदीप, उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणिया ने किया। पं. मोहितराज शास्त्री ने अतिथियों को विधि विधान के साथ भगवान गणेश की पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर पर संचालक विजयसिंह भाटी ने लोगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सभापति निलोफर गौरी, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने फेस्टिवल का अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा नेता कमल दाधीच, पार्षद ईकबाल खां कायमखानी, पार्षद आसिफ नसवाण भी मौजूद रहे।

## जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर की पुलिस ने जानलेवा हमला करने के थाने में दर्ज मुकदमे पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव व थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के निर्देशन में 5 फरवरी को गोविंद चौधरी पुत्र मोहनलाल चौधरी वार्ड निवासी वार्ड 5 के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने पर अस्पताल में इलाज के दौरान पर्चा बयान में बताया कि सादुल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह राजपूत निवासी धोधलिया व उसके साथियों ने मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर मेरे साथ मारपीट की। जिसका 5 फरवरी को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया। मुकदमे का अनुसंधान हेड कांस्टेबल विजेंद्र सिंह को सुपूर्द किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहित कुमार पुत्र हरिराम नई उम्र 19 साल निवासी वार्ड 9, सादुल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह राजपूत निवासी वार्ड 11, सोनू नायक पुत्र सीताराम नायक निवासी वार्ड 27 को जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। हेड कांस्टेबल विजेंद्र सिंह टीम की ओर से जगह-जगह दबिश व वैज्ञानिक विधि से ट्रेस कर तीनों मुजरिमों को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों को पुलिस की ओर से न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दिए हैं। आरोपी सादुल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह राजपूत के खिलाफ पूर्व में मारपीट व लूट के कई मामले थाने में दर्ज है।

## *धूमधाम से मनाया एमएसजी गुरु मंत्र भंडारा, 52 जरूरतमंदों को राशन वितरित*



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सर्वधर्म संगम डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत ने शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम डेरा सच्चा सौदा सिरसा सहित देश-दुनिया में पवित्र एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। उपस्थित साध संगत ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरे के इलाही नारे व अरदास बोलकर नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कविराजों ने भजनवाणी से साध-संगत को निहाल किया। साध-संगत ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा नारे से पूज्य गुरु जी को भंडारे की बधाई दी। पावन भंडारे की खुशी में आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम का बड़ी तादाद में साध-संगत ने पहुंचकर लाभ उठाया। पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा पर चलते हुए फूड बैंक मुहिम के तहत 52 अति जरूरतमंद लोगों को एक-एक महीने का राशन दिया गया जिन्हें पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। वहीं बेजुबान पक्षियों के संरक्षण के लिए पक्षी उद्धार मुहिम के तहत 352 मिट्टी के कसोरे वितरित किए गए। जिनमें घरों की छतों पर पक्षियों के लिए दाना (चोगा) पानी रखा जाएगा।

## परिवार कल्याण में ब्लॉक रहा प्रथम



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित परिवार कल्याण की गतिविधियों में स्थानीय ब्लॉक ने वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ब्लॉक की इस उपलब्धि पर सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाड़ी को सम्मानित किया है। सीएमएचओ डॉ शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से संचालित नसबंदी, कोपरटी, पीपीआईसीडी जैसे गतिविधियों में रतनगढ़ ब्लॉक की ओर से उत्कृष्ट कार्य किया गया था। वहीं जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की ओर से किए जा रहे नवाचार के तहत केपीआई में भी ब्लॉक प्रथम स्थान पर है।

## शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं: सहारण

## विधायक ने पुत्री पाठशाला में किया कक्षा-कक्षों का शिलान्यास



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला उच्च मा. विद्यालय भवन के चार कक्षा-कक्षों का शिलान्यास बुधवार को विधायक हरलाल सहारण ने किया। संस्था प्रधान निशा अजमेरा ने बताया कि समाज सेवी और कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील भाऊवाला के अथक प्रयासों से ही यह संभव हुआ है। सुनील भाऊवाला ने बताया कि विधायक कोटे से दो कक्षा-कक्ष व राज्य सरकार की ओर से दो कमरे स्वीकृत हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस विद्यालय में और कमरे स्वीकृत करवाए जाएंगे। विधायक ने कहा कि इस विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर पं. उमेश व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करवाई। संस्था प्रधान निशा अजमेरा ने गणेश पूजा व भगवान विश्वकर्मा पूजन करवाया। कार्यक्रम में कपड़ा व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुनील भाउवाला ने नगरश्री सचिव श्यामसुन्दर शर्मा, सुरेश सारस्वत व चन्द्रपकाश शर्मा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामसिंह सिहाग, राजेश कुमार कस्वां, सुभाषचन्द्र शर्मा, गिरधारीलाल, पवन कुमार, राज कुमार सिंह, सुशीला, मंजू सोनी, अभिलाषा भाटी, उषा सोनी, अभि लाषा खेमका, जमना शर्मा, सुभाष कस्वां, अनिल कानखेड़िया, रमेश पारीक, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला ऑर्गेनाइजर कुलदीप गोयल, सुधाकर सहल, सुनील व्यास, मदन पंवार, विजय शर्मा, विनोद फोगला व विनीत चोटिया सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आरती सामौर ने किया।

## गरीब व अंत्योदय कार्यक्रम आज

**चूरू(निस)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित हो रहे कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को गरीब व अंत्योदय दिवस आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश स्तर से वीसी के जरिए जुड़कर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। एसजेईडी उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में गुरुवार को दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# अमर जवानों के बलिदानों को याद करें, बेहतरीन सेवा से समाज को आगे बढ़ाएं: मनजिंदर सिंह

## जिला मुख्यालय पर पुनर्निमित वीरगति स्मारक का किया लोकार्पण







जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सप्तशक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम) ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर पुनर्निमित वीरगति स्मारक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयुद्ध सेवा महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुरेश चन्द्र टान्डी (एवीएसएम, वीएसएम), जीओसी चेतक कोर लेफ्टिनेंट जनरल नगेन्द्र सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम), जीओसी रणबांकुरा डिवीजन मेजर जनरल एके पुंडीर (एसएम, वीएसएम), ईएसएम लीग अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा (पीवीएसएम, एवीएसएम, सेवानिवृत्त), चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सैन्य अधिकारी, वीरांगनाएं व भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सप्तशक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम) ने कहा कि हम हमारे अमर जवानों के बलिदान को याद रखें और अपनी बेहतरीन सेवाओं से समाज की सेवा करें। चूरू के सपूतों ने विभिन्न अवसरों पर अपने अदम्य साहस, त्याग एवं बलिदान से देशप्रेम का उत्कट परिचय दिया है। यहां की धरती ने वीरों पर जन्म दिया है और वीरों ने देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि चूरू में भव्य वीरगति स्मारक का निर्माण भावी पीढ़ी को प्रेरित करेगा। हम अपनी पीढ़ी में देशभक्ति का संचार करें और राष्ट्र गौरव को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सेना की ओर से अमर जवानों के परिवारों, भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की परेशानियों को समझते हुए निराकरण के लिए शिविर, हैल्थ शिविर आदि विशेष प्रयास किए जाते है। हम समाज में एक सकारात्मक संदेश के साथ वीरों, भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिवारों की देखभाल करें। इसके लिए सामाजिक स्तर पर भी बेहतरीन प्रयास किए जाए। भूतपूर्व सैनिक गांव, परिवार में रहते हुए समाज की अच्छी सेवा करें। हम सभी संकल्पित होकर समाज को आगे बढ़ाएं और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करें। मुख्य अतिथि मनजिंदर सिंह वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों से रूबरू हुए। जिला सैनिक बोर्ड अध्यक्ष व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि यह दिन हमारे चूरू जिले के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। यह अवसर न केवल हमारे वीरगति प्राप्त सैनिकों के बलिदान को याद करने का है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि हमारा जिला किस प्रकार "हर काम देश के नाम" की भावना को जीवित रखता है। चूरू की धरती वीरता और बलिदान की गाथाओं से सजी है। लगभग 25,000 वीर सैनिकों ने जिले के गौरव को बढ़ाया है। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर अब तक 89 वीर सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। इसके साथ ही, हमारे जिले ने 01 महावीर चक्र, 01 मिलिट्री क्रॉस, 3 कीर्ति चक्र, 2 वीर चक्र, 4 शौर्य चक्र, 30 सेना-नौसेना मेडल और 01 युद्ध सेवा मेडल जैसे सम्मानों से देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज का यह "वीरगति स्मारक" उन अमर जवनों को समर्पित है, जिन्होंने अपनी जान देकर हमारे देश की स्वतंत्रता और सम्मान को अक्षुण्ण रखा। इस स्मारक का पुन:निर्माण भंवरलाल जी और संपत देवी हीरावत की स्मृति में उनके पुत्रों बसंत हीरावत व अभय हीरावत तथा उनके परिवार के सहयोग से संभव हुआ है। एक युद्धक टैंक, सैनिकों की विशाल मूर्तियां और भारतीय सेना के विभिन्न युद्धों के दृश्यों को दर्शाती पत्थर की कलाकृतियां इसकी भव्यता को और बढ़ाती है। यह वीरगति स्मारक न केवल हमारे अमर जवानों को श्रद्धांजलि बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है। उन्होंने अमर जवानों, वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों की सेवा, त्याग व समर्पण के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए उनके कल्याण और सम्मान के लिए हर संभव प्रयास जारी रखने की बात कही। कमांडर रणबांकुरा गनर्स ब्रिगेडियर एसपी दास ने आभार जताया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने अतिथियों को स्वागत व अभिनंदन किया तथा जिला मुख्यालय पर पुनर्निमित वीरगति स्मारक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले बसंत हीरावत व अभय हीरावत का आभार जताया।

### वीरांगनाओं व हीरावत परिवार का किया सम्मान

इस अवसर पर जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सप्तशक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम) ने जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, वीरगति स्मारक का पुनर्निर्माण करवाने वाले बसंत हीरावत व अभय हीरावत,जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ तथा गुलाब कंवर, कौशल्या, किरण देवी, सूती देवी, सुमित्रा, कमला कंवर, किरण कंवर, घेवर कंवर, मंजू कंवर, संतोष कंवर सहित जिले की 89 वीर नारियों, वीरांगनाओं व वीरों के परिजनों को सम्मानित किया तथा वीरांगनाओं व भूतपूर्व सैनिकों से संवाद किया। जिला सैनिक बोर्ड अध्यक्ष व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सप्तशक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम) को चंदन की कलाकृति भेंट की। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिकों के परिजनों ने अपने अनुभव साझा किए, अपने प्रियजनों की शहादत पर गर्व व्यक्त किया और भारतीय सेना के साथ अपने अटूट संबंधों पर प्रकाश डाला।









स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।